


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार, 07 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-217 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आज दिया जाएगा डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य

**रायपुर,7 नवंबर।** राजधानी में आज छठ महापर्व की धूम



रहेगी, जहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महादेव घाट पर पूजा में शामिल होंगे. आज राजधानी रायपुर में छठ महापर्व की धूम रहेगी. राजधानी के विभिन्न स्थानों पर छठ पूजा के आयोजन होंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महादेव घाट में आयोजित पूजा में शामिल होंगे. पूजा के दौरान डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाएगी. सीएम साय शाम 6ः30 बजे महादेव घाट पहुंचेंगे और पूजा में शामिल होंगे. इस दौरान वह रायपुर के महादेव घाट में श्रद्धालुओं के साथ छठ पूजा की रौनक का हिस्सा बनेंगे. पूजा कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री 7ः45 बजे अपने निवास लौटेंगे.

### ट्रंप के राष्ट्रपति बनने पर मणिशंकर दुखी

**नई दिल्ली,7 नवंबर।** डोनाल्ड ट्रंप को चार साल के बाद फिर से अमेरिका का राष्ट्रपति चुना गया है। ट्रंप के जीतने पर कांग्रेस के सीनियर नेता मणिशंकर अय्यर बेहद दुखी हैं। कांग्रेस नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत पर विवादित बयान देते हुए कहा कि एक संदिग्ध चरित्र वाला व्यक्ति, जो वेश्याओं के पास जाता था, उसको संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति चुना गया है। अमेरिका ने गलत व्यक्ति को चुन लिया है। मुझे बहुत दुख हो रहा है। अय्यर ने कहा कि 'एक तो मुझे बहुत अफसोस होता है किज ऐसे चरित्र के आदमी को, जिसका इतिहास रहा है कि वह वेश्याओं के साथ संबंध बनाता था। उनको मुंह बंद करने के लिए पैसे देता था, ऐसे जलील आदमी को लोगों ने राष्ट्रपति चुना है।

### अमित शाह ने कोलकाता रेप केस की पीड़िता के पिता को मिलने बुलाया

**नई दिल्ली,7 नवंबर।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की पीड़िता के पिता ने पीड़िता के पिता ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है और उन्हें मिलने के लिए बुलाया है. पिता ने अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन बताया कि जल्द ही उनकी मुलाकात होगी. 22 अक्टूबर को पीड़िता के पिता ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने (अमित शाह) से बात की है. उन्होंने मुझे (मिलने के लिए) बुलाया है. मैं इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता लेकिन मुलाकात होगी. भाजपा के प्रदेश नेताओं ने कहा कि वे 27 अक्टूबर को कोलकाता की यात्रा के दौरान पीड़िता के माता-पिता को गृह मंत्री से मिलाने की कोशिश करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि वे शाह की यात्रा के दौरान उनसे मिलने से परेशान नहीं हैं और उम्मीद जताई.

# आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीतिः अमित शाह

**नई दिल्ली,7 नवंबर।** आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 के उद्घाटन सत्र को गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। शाह ने साफ तौर पर कहा कि हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने के लिए अब तक 36,468 पुलिसकर्मी अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। मैं आज उन सभी को सर्वोच्च बलिदान देने की उनकी भावना के लिए श्रद्धांजलि देना चाहता हूं और देश की ओर से उनके परिवारों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं।



शाह ने कहा कि पीएम मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के 10 साल के अंदर भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति अपनाई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के उनके नारे को आज न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। भारत के अंदर आतंकवाद से लड़ने का एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हो चुका है। हालाँकि, अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के आह्वान की दुनिया ने सराहना की है। वार्षिक सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार-विमर्श के लिए परिचालन बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों और आतंकवाद-रोधी एजेंसियों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है। बयान में कहा गया है कि सम्मेलन का मुख्य फोकस संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना और भविष्य की नीति निर्माण के लिए ठोस इनपुट प्रस्तुत करना है।



# पूर्व सांसद गोपाल व्यास का निधन

**रायपुर,7 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य गोपाल व्यास का आज सुबह निधन हो गया. उन्होंने 92 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली. वे छत्तीसगढ़ राजनीति में एक महत्वपूर्ण हस्ती थे. व्यास ने 3 अप्रैल 2006 से 2 अप्रैल 2012 तक छत्तीसगढ़ राज्य से राज्यसभा सांसद के रूप में सेवा दी. वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे और पार्टी व संघ के लिए जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य किए.



उनके पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए उनके निज निवास एचडीडी-33, विधायक कॉलोनी, रायपुर में सुबह 10ः45 तक रखा गया है. इसके बाद देहदान के लिए एम्स रायपुर के गेट नंबर 5 के लिए लेजाया जाएगा. आपातकाल के दौरान गोपाल व्यास ने भी संघर्ष किया था और 1975 से 1977 तक रायपुर की जेल में बंद रहे. उनका योगदान भारतीय राजनीति में अहम था, और वे अपने संगठन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहे. राज्यसभा से 13 फरवरी 2019 को सेवानिवृत्त होने के बाद वह सक्रिय राजनीति से दूर थे, लेकिन संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान निरंतर था. गोपाल व्यास ने छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्यता अभियान में भी हिस्सा लिया था. करीब एक महीने पहले, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें सदस्यता दिलाई थी. इस दौरान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जेपी नड्डा ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आशीर्वाद लिया था.

### मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय श्री गोपाल व्यास जी के निधन पर पुरैना स्थित निवास पहुंचे और अंतिम दर्शन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक विक्रम उसेंडी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा श्री व्यास छत्तीसगढ़ राजनीति के पुरोधाओं में एक थे। वे 2006 से 2012 तक छत्तीसगढ़ राज्य से राज्यसभा सांसद रहे।

# जागृत भारत दुस्साहस को नहीं करेगा बर्दाश्तः स्मृति

**नई दिल्ली,7 नवंबर।** अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर गुरुवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामा हुआ। विधायकों ने सदन में एक-दूसरे पर मुक्के बरसाकर हाथापाई की। अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक और इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख द्वारा अनुच्छेद 370 पर एक बैनर प्रदर्शित करने के बाद अराजकता शुरू हुई। इसके बाद, एलओपी सुनील शर्मा ने बैनर प्रदर्शन पर आपत्ति जताई। अब इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्मृति ईरानी ने गुरुवार को विपक्ष के इंडिया गुट पर निशाना साधा। स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत के संविधान की कसमें खाते हुए, कल भारतीय संविधान का गला घोंटने का दुस्साहस इंडी अलायंस ने जम्मू-कश्मीर में किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के वो दृश्य जिसमें भारत के संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए आदिवासी, दलितों और महिलाओं के अधिकारों का हनन करने का दुस्साहस कांग्रेस समर्थित इंडी अलायंस ने किया है। जागृत भारत उस दुस्साहस को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रस्ताव को कल इंडी अलायंस ने पारित किया है, उसके अंतर्गत वो जम्मू-कश्मीर में भारत के संविधान के खिलाफ एक नई जंग लड़ते हुए दिखाई देते हैं। मैं इंडी अलायंस के नेताओं से पूछना चाहती हूं कि भारत की संसद और सुप्रीम कोर्ट का जो निर्णय सबको मान्य है।

# अगर हम सत्ता में आए तो मस्जिदों में नहीं बजेगा लाउडस्पीकरः राज ठाकरे

**मुंबई,7 नवंबर।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने अमरावती में एक रैली के दौरान मस्जिदों पर लाउडस्पीकर का मुद्दा फिर उठाया। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को चुनाव होंगे और वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम नेता महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए वोट मांगने के लिए मस्जिदों से फतवा जारी कर रहे हैं। इसके बात उन्होंने कहा कि मुझे शक्ति दीजिए और मैं सुनिश्चित करूंगा कि महाराष्ट्र में किसी भी मस्जिद पर एक भी लाउडस्पीकर न हो। ठाकरे ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे के कार्यकाल के दौरान मस्जिद के लाउडस्पीकरों को जबरन हटा दिया था, जिसके कारण उनके समर्थकों के खिलाफ 17,000 मामले दर्ज किए गए थे। शरद पवार पर निशाना साधते हुए, ठाकरे ने उन्हें ओबीसी और मराठा समुदायों के बीच विवाद भड़काने का आरोप लगाते हुए संत शरदचंद्र पवार कहा। ठाकरे ने सभी जिलों में शिवाजी महाराज के मंदिरों के लिए उद्धव ठाकरे के हालिया आह्वान पर निशाना साधते हुए पूछा, क्या मूर्तियां पर्याप्त नहीं हैं कि हर जिले में मंदिर बनाने की जरूरत है? इस बीच, पार्टी प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि मनसे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर लड़ेगी।

# मूक-बधिर से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की याचिका खारिज

**बिलासपुर,7 नवंबर।** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में मूक-बधिर से सामूहिक दुष्कर्म के 5 आरोपियों की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि अपीलकर्ताओं के अपराध के संबंध में निष्कर्ष पर पहुंचने में ट्रायल कोर्ट ने कोई कानूनी या तथ्यात्मक त्रुटि नहीं की है. बता दें, 25 अगस्त 2019 की शाम करीब 6-7 बजे मरवाही पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बाजार में आरोपियों ने मूक-बधिर पीड़िता को जबरन मोटरसाइकिल से तालाब के पास ले जाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था. इस मामले में संजीव कुजूर, सूरज दास समेत पांचों आरोपियों के खिलाफ ढूक्क्ट की धारा 366/34, 342/34 और 376 (डी) के तहत जुर्म दर्ज किया गया. जानकारी के मुताबिक, पीड़िता की चाची ने मरवाही पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराया, कि उसका बड़ा भाई उसके घर के पास रहता है, और उसकी 22 वर्षीय बेटी (पीड़िता), जो जन्म से मूक बधिर है, और इशारों के माध्यम से बातचीत करती है जिसे वह उसकी मां समझती है. पीड़िता हमेशा की तरह 25 अगस्त की शाम खाना (भीख) मांगने बाजार गई थी. देर रात 11 बजे के करीब वह रोती हुई घर लौटी. उसने उसे और अपनी मां को इशारे से बताया कि जब वह शाम बाजार से लौट रही थी, पांच लड़कों ने उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बिठाया, उसे तालाब की सीढ़ियों पर ले गए, उसके हाथ-पैर बांध दिए और एक-एक करके उसके साथ बलात्कार किया. पीड़िता ने चेहरे, पीठ और कमर पर खरोंच के निशान दिखाए, साथ ही प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की बात बताई. इसके बाद पीड़िता की चाची ने पीड़िता और परिजनों के साथ पुलिस स्टेशन में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दंडनीय अपराधों के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मरवाही की अदालत में आरोप पत्र दायर किया. जहां से इसे 10.12.2019 को परीक्षण के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायालय को सौंप दिया गया. ट्रायल कोर्ट के जज ने आरोपियों के खिलाफ 2 जनवरी 2020 को आईपीसी की धारा 366/34, 342/34 और 376डी के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किए.

# 370 पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जमकर बवाल

## पक्ष-विपक्ष के विधायकों में हाथापाई, फाड़े गए पोस्टर

**श्रीनगर,7 नवंबर।** आर्टिकल 370 वापसी का प्रस्ताव पास होने के लेकर दूसरे दिन भी जमकर बवाल हुआ। नौबत पक्ष-विपक्ष के विधायकों में हाथापाई तक आ गई। इस दौरान माननीयों का बर्ताव सड़क पर घूमने वाले मवालियों की तरह दिखा। इस दौरान पोस्टर भी फाड़े गए। इसके बाद सदन की कार्रवाई 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह 10ः20 बजे एक बार फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई लेकिन विधायकों के बीच एक बार फिर बवाल हो गया। दरअसल जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बारामूला से लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद के भाई और विधायक खुर्शीद अहमद शेख द्वारा अनुच्छेद 370 पर बैनर दिखाए जाने के बाद ये हंगामा हुआ। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति जताई। बैनर को देखकर



भाजपा के विधायक भड़क गए और उन्होंने उनके हाथ से उस पोस्टर को छीन लिया। भाजपा विधायकों ने शेख खुर्शीद के हाथ से पोस्टर लेकर उसे फाड़ दिया। इस दौरान हाथापाई होने लगी और जमकर हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी के नेता रवींद्र रैना ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 अब इतिहास बन गया है। उमर अब्दुल्ला सरकार पाकिस्तान का हौंसला बढ़ा रही है। 370 ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, अलगाववाद और पाकिस्तान की मानसिकता को जन्म दिया। ऐसे में 370 के प्रस्ताव को गैर संवैधानिक तरीके से विधानसभा में लाकर चोरों की तरह छिपकर जल्दबाजी में पेश करना दिखाता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस दोबारा जम्मू कश्मीर में हालात खराब करना चाहती है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने भारत माता की पीठ पर खंजर घोंपा है। जम्मू कश्मीर विधानसभा में हंगामा और हाथापाई के बाद सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा ने सुरक्षा पर आवाज उठाई कि ऐसी चीजों को कैसे अनुमति दी जाती है। मार्शलों ने सदन में हंगामा कर रहे बीजेपी विधायकों को सदन से बाहर निकाला।

# रायपुर से शाहरुख खान को मिली जान से मारने की धमकी

## मुंबई पुलिस ने फैजान नामक युवक को किया गिरफ्तार

**रायपुर 7 नवंबर।** बॉलीवुड ऐक्टर्स को धमकी मिलने का सिलसिला जारी है. सलमान खान के बाद अब शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है. मुंबई के बांद्रा थाने में धमकी को लेकर केस दर्ज किया गया है. सूत्रों के मुताबिक, रायपुर के रहने वाले फैजान नाम के शख्स ने यह धमकी दी है. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. यह क्या किसी की शरारत है या फिर वाकई शाहरुख की जान के लिए खतरा है, पुलिस इसकी तफ्तीश में लगी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक- मुंबई पुलिस की एक टीम रायपुर जांच के लिए पहुंची है. मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स के फोन नंबर की डिटेल से उसकी लोकेशन का पता लगाया. इस पूरे मामले में एक्टर शाहरुख खान का भी बयान दर्ज किया जाएगा. बांद्रा पुलिस स्टेशन में धारा 308(4), 351(3)(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है. शाहरुख से पहले एक्टर सलमान



खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. वहीं सूत्रों के मुताबिक रायपुर के फैजान नाम के शख्स ने धमकी भरा कॉल किया था. ये फोन शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज के ऑफिस में आया था जिसके बाद हडकंप मच गया. वहीं आनन फानन में किंग खान को जान से मारने की धमकी भरे कॉल आने की शिकायत पुलिस में की गई जिसके बाद मुंबई के बांद्रा पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. वहीं मुंबई पुलिस की टीम छत्तीसगढ़ रायपुर पहुंची हैं. दरअसल पुलिस ने कॉल को ट्रेस किया तो ये रायपुर का निकला था.खबर है कि फैजान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है. साइबर सेल की टीम भी काम कर रही है. ये भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या मोबाइल नंबर फर्जी डॉक्यूमेंट्स से लिया गया है? फिलहाल मामले में मुंबई पुलिस के बड़े अधिकारियों की मीटिंग चल रही है. वहीं ये भी कहा जा रहा है कि पुलिस जल्दी ही इस पूरे मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है.

# छत्तीसगढ़ में रेड नेप्ड आइबिस पक्षी की एंट्री

**जगदलपुर,7 नवंबर।** शीत ऋतु के आगमन के साथ ही विदेशी मेहमान रेड नेप्ड आइबिस का आना छत्तीसगढ़ में शुरू हो चुका है। इस समय इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर एवं दलपत सागर इन विदेशी मेहमानों के कलरव से गूंज उठा है। रेड नेप्ड आइबिस को इंडियन ब्लैक आइबिस भी कहा जाता है। इसका काला शरीर होता है, कंधे पर एक सफेद पैच और सिर पर एक काले रंग का धब्बा होता है। सिर और गर्दन के पीछे वाला भाग लाल होता है। जैसे- जैसे ठंड बढ़ेगी, यहां विदेशी पक्षियों का आना प्रारंभ होगा। वल्चर कंजर्वेशन एसोसिएट आईटीआर के पक्षी विशेषज्ञ ने बताया कि रेड नेप्ड आइबिस की संख्या भारत में तेजी से घट रही है। ऐसे में इसके संवर्धन की जरूरत है। इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक सुदीप बलगा ने बताया कि, ऐसे पक्षियों के हर साल आगमन को जानकार एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय घटना मानते हैं। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण माना जाता है। वंश वृद्धि रहवास के लिए इनका बस्तर आगमन होता है। रेड नेप्ड आइबिस बहुंत तेज आवाज करता है। यह



अपना घोसला बड़े पेड़ के ऊपर बनाता है। वल्चर कंजर्वेशन एसोसिएट ने कहा कि अल्प समय के लिए ही सही, लेकिन इन विदेशी मेहमानों की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। हम सब को मिलकर इनके संरक्षण के लिए काम करने की जरूरत है। भारतीय उप महाद्वीप में मिलने वाला यह पक्षी जीव वैज्ञानिक जाति का है। भारत के जल समूह और आर्द्रभूमियों में यह दिखाई देता है। गाढ़े रंग का पूरा शरीर होता है, लेकिन कंधों पर एक श्वेत धब्बा और सिर तथा गर्दन के पीछे का भाग लाल होता है। बड़े पेड़ों पर यह अपना घोसला तैयार करता है।

# 22 चौके 8 छक्के की मदद से डबल सेंचुरी

**मुंबई,7 नवंबर।** श्रेयस अय्यर पिछले कुछ महीनों से बैक इंजरी से परेशान रहे हैं. खराब फॉर्म के चलते उन्हें टीम इंडिया से बाहर किया गया था. अब दाएं हाथ के इस स्टार बैटर ने रणजी ट्रॉफी में दोहरा शतक ठोक वापसी का सबूत दिया है. इन दिनों भारत में रणजी का सीजन चल रहा है. 7 अक्टूबर को टीम इंडिया से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर ने बड़ा धमाका किया. उन्होंने ओडिशा के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में दोहरा शतक ठोक तबाही मचा दी है. पहले दिन स्टंप तक वो 152 रन के स्कोर पर नाबाद लौटे थे. दूसरे दिन आते ही अय्यर ने तेजी से रन बटोरे और गेंदबाजों के होश उड़ा दिए. अय्यर ने 209 गेंदों पर 207 रन बनाकर नाबाद हैं. वो अब तक 22 चौके और 8 छक्के लगाए. यह उनका फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दूसरा दोहरा शतक है, इससे पहले उन्होंने 2017 में इंडिया ए के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 202 रन की पारी खेली थी. श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली है. दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन इसकी वजह रहा. दलीप ट्रॉफी की 6 पारियों में अय्यर ने कुल 154 रन ही बनाए थे, जिसमें उनके नाम दो फिफ्टी हैं. वहीं अय्यर दो बार बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे. फिर ईरानी कप में मुंबई के लिए खेलत हुए अय्यर ने दो पारी में 57 और 8 रन बनाए. अब अब उन्होंने दोहरा शतक ठोक टीम में वापसी का दावा ठोका है. आईपीएल 2024 में केकेआर की कप्तानी करने वाले अय्यर को फ्रेंचाइजी ने मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया है. वो ऑक्शन में जाने वाले हैं. माना जा रहा है कि इस प्लेयर पर करोड़ों की बारिश हो सकती है. रणजी ट्रॉफी में आया यह दोहरा शतक उनके करियर में बड़ा बदलाव ला सकता है. ये वही श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने इसी साल की शुरुआत में बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि उन्होंने डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने से मना कर दिया था. अब उनकी शानदार बल्लेबाजी टीम इंडिया में उनकी वापसी की उम्मीद जगा रही है.

# राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली,7 नवंबर।** दिल्ली।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच कर रही है। दिल्ली हाईकोर्ट को बुधवार को यह जानकारी दी गई। अदालत को बताया गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी इस मसले पर जनहित याचिका दाखिल है जिस पर सुनवाई चल रही है। इसी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। इस पर अदालत ने कहा कि वह नहीं चाहती कि कोई विरोधाभासी आदेश पारित किया जाए। एक ही मसले पर दो समानांतर याचिकाओं पर सुनवाई नहीं हो सकती है। दरअसल, याचिकाकर्ता कर्नाटक भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। इस पर मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वह नहीं चाहती कि कोई विरोधाभासी आदेश पारित किया जाए। पीठ ने कहा कि एक ही कारण पर दो समानांतर याचिकाएं नहीं हो सकतीं। इसके बाद पीठ ने एस. विग्नेश शिशिर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में उनकी जनहित याचिका के बाद प्रासंगिक घटनाक्रम पर एक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी।

दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष यह मामला भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर था। स्वामी ने अदालत से गृह मंत्रालय को निर्देश देने की मांग की थी कि वह राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग करने वाले उनके आवेदन पर फैसला करे। स्वामी ने अपनी याचिका में गृह मंत्रालय को यह निर्देश देने की भी मांग की कि वह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनके आवेदन पर स्थिति रिपोर्ट पेश करे। सुब्रमण्यम स्वामी का कहना था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन मामले का उनके मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

सुब्रमण्यम स्वामी का कहना था कि दोनों अदालतों में दाखिल अर्जियां पूरी तरह से अलग हैं। वहीं एस. विग्नेश शिशिर ने दावा किया कि स्वामी की याचिका ने समानांतर कार्यवाही की परिस्थिति खड़ी की है। इस पर न्यायालय ने शिशिर को याचिका में पक्षकार बनने के लिए आवेदन दायर करने को कहा। अदालत ने मामले को 6 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया।

# पराली जलाने पर केंद्र सरकार सख्त अब लगेगा 30 हजार जुर्माना

नई दिल्ली,7 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्र ने पराली जलाने पर लगने वाले जुर्माने को दोगुना कर दिया है. 2 एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को 5,000 रुपये का जुर्माना, 2 से 5 एकड़ वाले किसानों को10,000 रुपये का जुर्माना, और 5 एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों को 30,000 रुपये का जुर्माना देना होगा. सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने के आखिरी में राज्य सरकारों को कम जुर्माने के लिए भी फटकार लगाई थी. पराली जलाने पर सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार ने जुर्माने की राशि में दोगुना वृद्धि की है. नए नियमों के अनुसार, दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को 5,000 रुपये का जुर्माना लगेगा, दो से पांच एकड़ वाले किसानों को 10,000 रुपये का जुर्माना लगेगा, और पांच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों को 30,000 रुपये का जुर्माना लगेगा. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 से ये नियम संशोधित किए गए हैं. केंद्रीय सरकार ने अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (2) के



खंड (h) का हवाला देते हुए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (पराली जलाने के लिए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का अधिरोपण, संग्रहण और उपयोग) संशोधन नियम, 2024 बनाया. पराली से होता है प्रदूषण दिल्ली-एनसीआर में हर साल बढ़ने वाले प्रदूषण की एक बड़ी वजह पराली भी है. हरियाणा, पंजाब तथा पूरे उत्तर भारत में धान की कटाई लगभग समाप्त हो चुकी है, जिससे पराली जलाने की घटनाएं बढ़ गई हैं. दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर बहुत खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और आसमान में धुंध की चादर है.

**एक नजर**

### लाखों की चोरी करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 7 नवंबर।** भिलाई पुलिस ने एक ऐसे दो चोरों को पकड़ा है जो अंडा थाना अंतर्गत राजेश ट्रेडर्स का शटर उखाड़कर अंदर से लाखों की चोरी की थी। इसके अलावा कई जिलों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है पुलिस घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल को बरामद कर लिया गया है अंडा पुलिस ने बताया कि थाना अण्डा क्षेत्र में 16-17 अक्टूबर की दरम्यानी रात राजेश ट्रेडर्स हार्डवेयर दुकान ग्राम - अण्डा में अज्ञात चोर ने दुकान शटर को उखाड़कर अंदर प्रवेश कर गल्ले में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले गया सूचना पर थाना अण्डा में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर घेराबंदी कर आरोपी अरमान खान निवासी बुडौरा कुमहापुर थाना प्रतापगढ जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश वर्तमान ग्राम चुनकट्टा थाना उतई जिला दुर्ग एवं नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उक्त अपराध घटित करना स्वीकार किया है तथा अन्य थाना क्षेत्र गुण्डरदेही, रनचिरई, बालोद, थनोद में भी चोरी करना स्वीकार किया है घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल को बरामद कर लिया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**भिलाई, 7 नवंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र मुड़पार मोहल्ले में घर के बाहर नाली सफाई करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई परिजनों ने इस मौत के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि मुढ़पार के रहने वाले मिथुन सोमवार को अपने घर के पास नाली साफ कर रहा था नाली के पास ही ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है लोगों का कहना है कि सफाई के दौरान मिथुन ने ध्यान नहीं दिया कि ट्रांसफार्मर की तार खुली हुई है और वह उनकी चपेट में आ गया करंट लगने से वह वहीं पर झुलस गया जब लोगों ने उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मिथुन के शव का पोस्टमार्टम किया गया इसके बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया पूर्व में भी हो चुकी है बंदर और गाय की मौत मोहल्ले के लोगों के अनुसार कुछ दिन पहले ही वहां पर लगे ट्रांसफार्मर की खुली तार की चपेट में एक बंदर और गाय आ गई थी करंट लगने से बंदर और गाय दोनों की मौत हो गई थी इसके बाद भी बिजली विभाग के जिम्मेदार आधिकारियों की आंख नहीं खुली।

### मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**भिलाई, 7 नवंबर।** भिलाई शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि सम्यक वाहने निवासी श्याम चौक कृष्णा नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुपेला में रहने वाले विशेष चौहान ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर शराब पीने के लिए पैसे की मांग की प्रार्थी ने पैसे नहीं देने पर तीनों मिलकर मारपीट करने लगे प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी विशेष चौहान ;18 वर्षद्ध निवासी संजय नगर आदर्श पारा सुपेला एवं उनके दो नाबालिग साथियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करना तथा नहीं देने पर तीनो मिलकर मारपीट करना स्वीकार किये पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिहार कोकिला के नाम होगा कुरूद तालाब, प्रतिमा भी लगेगी, विधायक ने की घोषणा



**भिलाई, 7 नवंबर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने घोषणा की है कि अधोसंरचना मद से 1 करोड़ की लागत से कुरूद क्षेत्र का नकटा तालाब और भी व्यवस्थित किया जाएगा साथ ही इसका नाम शारदा सिन्हा सरोवर होगा। सेन ने कहा कि जल्द ही इस स्थान पर भोजपुरी लोक गायिका श्रीमती शारदा सिन्हा की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। नामकरण के लिए निगम से शीघ्र प्रस्ताव बना कर राज्य शासन को भेजा जाएगा।

### रेलवे स्टेशन में वेंडरों के अनाधिकृत रूप से सामान बेचते पाए जाने पर की गई कार्रवाई



**भिलाई, 7 नवंबर।** रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर जोन मुख्यालय एवं मंडल मुख्यालय रायपुर से अवैध वेंडिंग को रोकने हेतु प्राप्त आदेशानुसार पोस्ट प्रभारी दुर्ग द्वारा प्रभारी निरीक्षक एसके सिन्हा के नेतृत्व में दुर्ग स्टेशन में 03 अधिकृत वेंडरों के द्वारा अनाधिकृत रूप से समान बेचते पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत कार्यवाही की गई । प्लेटफार्म पर रखे संतरा, सेब, केला, अमरूद को जब्त कर आगे की कार्यवाही हेतु पार्सल कार्यालय दुर्ग में जमा किया गया। उक्त जब्त संपत्तियों का अनुमानित मूल्य लगभग रु 6,000 आंका गया।

# जल उत्सव में लोगों ने ली जल संरक्षण की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले के बोडला ब्लॉक के गांव तितरी में जल उत्सव का शुभारंभ हुआ। यह भव्य आयोजन गांव के लोगों में जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने और उनके सक्रिय सहयोग से जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर लगभग 250 लोग उपस्थित थे, जिनमें स्थानीय नेता, सभी बीएलओ, विभाग प्रमुख, ग्रामीण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल के छात्र शामिल थे।कार्यक्रम की शुरुआत माँ गंगा की आरती और नदी पूजन के साथ की गई, जिसमें सभी ग्रामीणों और विशेष अतिथियों ने भाग लिया। इस पावन समारोह के बाद, उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली और जलगांव उत्सव अभियान को आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्प लिया। जल उत्सव के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जल संपदा से संबंधित एक तथ्य पत्र भी जारी किया गया। इस तथ्य पत्र में गांव के जल संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।इस आयोजन का मुख्य आकर्षण स्थानीय कला जत्था का नृत्य प्रदर्शन था, जिसने अनोखे तरीके से जल संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। कला जत्था के सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मंच पर नृत्य किया और संगीत के ताल पर जल के महत्व और उसके संरक्षण की अपील को दर्शाया। नृत्य के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि जल प्रकृति का एक अमूल्य उपहार है, जिसका हर बूंद का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। नृत्य की एक झलक में दिखाया गया कि कैसे पानी का महत्व हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा है और कैसे एक-एक बूंद की बर्बादी हमारे भविष्य को अंधकार में डाल सकती है।

नृत्य प्रदर्शन में नदी, तालाब, झरने और वर्षा के रूपक का इस्तेमाल किया गया, जो गांव के लोगों के लिए बहुत प्रभावशाली था। इस प्रदर्शन में यह भी दिखाया गया कि जल संकट के कारण कैसे सूखा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कलाकारों ने एक भावनात्मक नृत्य के माध्यम से दर्शाया कि जब हम पानी को संरक्षित करते हैं, तो न केवल हम अपनी ज़रूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण को भी संतुलन में रखते हैं। मुख्य वक्ताओं में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई)/जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कार्यपालन अभियंता ने जल संसाधनों की देखभाल और उनके कुशल उपयोग के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही जल संसाधन और सिंचाई विभाग के प्रमुख कार्यपालन अभियंता ने सिंचाई के जल संसाधनों और उनकी प्रमुख कार्यप्रणाली के बारे में बताया, और ब्लॉक कृषि अधिकारी ने गांव में उगाई जाने वाली फसलें, उनके क्षेत्र और माइक्रो इरीगेशन कवरेज की जानकारी दी।इस महोत्सव में जल संरक्षण की दिशा में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। गांव के लोगों ने शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अलावा, विभिन्न जल प्रबंधन योजनाओं के तहत चल रही गतिविधियों और जल संसाधनों के संरक्षण से जुड़ी जानकारियां भी साझा की गईं।साथ ही, तितरी गांव की जल संपदा जैसे अंडरग्राउंड वाटर टैंक, तालाब, नहरें और हैंडपंप का निरीक्षण किया गया और इन सभी जल संसाधनों को संरक्षित करने के उपाय सुझाए गए। विभागीय अधिकारियों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से गांव में पेयजल आपूर्ति के तरीकों के बारे में जानकारी दी, जबकि जल संसाधन विभाग ने जल स्रोतों के संरक्षण के सुझाव साझा किए और कृषि विभाग ने जल का कुशल उपयोग करने और सिंचाई की बेहतर योजनाओं के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के समापन दिवस पर सभी ने एक बार फिर जल संरक्षण की शपथ ली और इस दिशा में निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। समापन पर गांव के बुजुर्गों और जनप्रतिनिधियों ने जल उत्सव के सफल आयोजन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और इस आयोजन को गांव के लिए एक आदर्श बताया। इस महोत्सव ने ग्रामीणों को जल के महत्व और संरक्षण की आवश्यकता को भलीभांति समझाया और जल संवर्धन की दिशा में ठोस कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, तितरी गांव का जल उत्सव न केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि जल प्रबंधन के कुशल तरीकों को अपनाने और जल संसाधनों की देखभाल के लिए सामूहिक प्रयास की भावना को भी सशक्त किया। कला जत्था के नृत्य प्रदर्शन ने लोगों के दिलों में जल के महत्व को गहराई से उतारा और गांव के हर व्यक्ति को जल संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। बोड़ला एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर , उप अभियंता टोमन कुंजाम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## आखिर किसे मिलेगी बीजेपी से जिला पंचायत पांच सदस्य की टिकट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 नवंबर।**पौड़ी में प्रकाश कुंभकार चाय दुकान ओर मेडिकल दुकान ओर पान दुकानों में जिला पंचायत पांच सदस्य के लिए भाजपा से टिकट किसे मिलेगी जिसकी चर्चा लोगों में ओर कार्यकर्ताओं में शुरू हो गई है । जनवरी में जिला पंचायत चुनाव होने के आसार दिख रहे है जिसकी भी सुगबुगाहट शुरू हो गई है ।

कबीरधाम जिला में हाई प्रोफ़ाइल सीट जिला पंचायत पांच को माना जा रहा है क्योंकि सबसे अधिक भाजपा से दावेदार है जिसकी चर्चा अभी से शुरू हो गई है । राजेंद्र चंद्रवंशी , मनीराम साहू , बलदाऊ चंद्रवंशी , ओम प्रकाश वर्मा , बरसाती वर्मा किंकर वर्मा , नरेश चंद्रवंशी के नाम को लेकर खूब चर्चा हो रही है ।

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में बीएसपी पवेलियन की सराहना



**भिलाई, 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस (1 नवम्बर) के अवसर पर, 4 से 6 नवम्बर 2024 तक अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में विभिन्न स्टालों का निर्माण किया गया है, जिनमें विभिन्न संस्थाओं और सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इस कार्यक्रम में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र शामिल है। इस पेवेलियन में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भारतीय रेलवे के लिए वांछित ग्रेड के रेल्स उत्पादन के अलावा संयंत्र की विभिन्न इकाइयों द्वारा उत्पादित इस्पात का विभिन्न सामरिक क्षेत्रों और राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में उपयोग को दर्शाया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्योत्सव सम्मिलित दर्शकगण, छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों आदि ने बीएसपी के पेवेलियन की सराहना की और आकर्षक पैनल, कटआउट और फिल्मों में गहरी रुचि ली। इस पेवेलियन में भिलाई इस्पात संयंत्र की विभिन्न इकाइयों खदान, कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट्स, स्टील मेल्टिंग शॉप्स, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, बार एंड रॉड मिल, मर्चेन्ट मिल तथ वायर रॉड मिल में प्रचालन प्रक्रियाओं को प्रदर्षित किया गया है। बीएसपी के पेवेलियन में बीएसपी उत्पाद के साथ-साथ सीएसआर गतिविधि, ग्रामीण विकास, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाएँ, पुरस्कार, देव बलौदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर का संरक्षण, परियोजनाएं आदि के आकर्षक पैनल प्रदर्शित किये गए हैं। भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत और अन्य युद्धपोतों के निर्माण में भी सेल-भिलाई द्वारा उत्पादित स्टील का उपयोग किया गया है। जिसका मॉडल बीएसपी पवेलियन में प्रदर्शनी हेतु रखा गया है। बीएसपी निर्मित विभिन्न गुणात्मक उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सतत प्रयासों से ग्रामीण विकास के लिए दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में संयंत्र द्वारा किए गए सामाजिक और सीएसआर गतिविधियों को पवेलियन में कलात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया है। बीएसपी का पवेलियन आकर्षक पैनल, कटआउट और फिल्मों के प्रदर्शन के कारण लोगों को आकर्षित कर रहा है।

# बहंगी लचकत जाए, छठ-घाटों पर अनुपम नजारा



**भिलाई, 7 नवम्बर।** मंगलवार को नहाय खाय के साथ प्रारम्भ हुए छठ महापर्व के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को आज अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए तालाब घाटों पर महिलाओं की साधना देखते ही बन रही है। घरों से लेकर तालाबों तक की राहों पर मेला-सा नजारा देखने को मिल रहा है। छठ व्रतियों के साथ घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार एवं पास-पड़ोसियों के लोग समूह में ढोल-धमाकों के साथ गाते-बजाते तालाब घाटों पर जाते देखे जा रहे हैं। छठ-व्रती के परिवार के लोग सिर पर पूजा-फलों से भरे दउरा एवं कंधे पर गन्ना आदि लिए पुरे उत्साह से खाली पांव आगे-आगे चल रहे हैं।

### नहाय खाय और खरना से हुयी छठ पूजा की कठिन साधना

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से नहाय खाय के साथ छठ पूजा की कठिन साधना का प्रारम्भ हुआ। पंचमी को छठ महापर्व के खरना का भोग लगाया गया। खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। खरना-भोग के साथ निर्जल उपवास की कठिन साधना का दौर प्रारम्भ हो गया था। पिछले तीन दिनों से छठ पर्व के व्रती सूर्योपासना के भक्ति भाव में डूबे हुए हैं। छठ पूजा को लेकर शहर में अपूर्व उल्लास देखने को मिल रहा है। खासकर तालाब घाटों पर बृहस्पतिवार को सुबह एवं शुक्रवार को शाम सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। संतानोत्पत्ति से लेकर संतान के दीर्घायु एवं परिवार में सुख-शांति के लिए छठ-व्रत का पारंपरिक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बाजारों में भी रौनक देखने को मिल रही है।

### अर्घ्य देने कमर तक तक पानी में खड़ी महिलाएं, अस्ताचलगामी सूर्य की ओर देखती रहीं

आज बृहस्पतिवार को छठ महापर्व की साधना का तीसरा दिन है। आज के दिन महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देकर संतान के दीर्घायु के साथ ही घर-परिवार की मंगल कामना एवं अन्य मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करती हैं । पंडित-ज्योतिषियों के अनुसार सूर्यषष्ठी व्रत में अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने मात्र से शुभ एवं पुण्य फल की प्राप्ति होती हैं। अर्घ्य कोई भी दे सकता है। इसके लिए साफ-सुथरे लोटे में स्वच्छ जल भर कर उसमें दुग्ध, अक्षत और लाल चंदन के साथ पुष्प-पत्र आदि छोड़ कर सूर्य देव की ओर मुख कर धीरे-धीरे जलधारा छोड़ कर अर्घ्य देना चाहिए। इसे बहुत ही शुभ माना जाता है जो सर्व मनोरथ पूर्ण करने वाला है। इससे तेज बढ़ता है और आयुर्वृद्धि होती है।

### छठ-घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरी छटा

छठ-घाटों पर अनुपम नजारा देखने को मिल रहा है। पूजा करने वालों की भारी भीड़ जुटी है और गाते-बजाते लोगों का समूह लगातार तालाबों की ओर चला आ रहा है। घाटों पर बेदियां बनी हैं जिसे गन्ने से घेरा गया है और समूह में लोग बैठ कर धुप-दीप, अगरबत्ती आदि जलाकर पूजा पाठ कर रहे हैं। पंडित लोग पूजा के मन्त्रों के साथ विधान बता रहे हैं। व्रती लोग सुपेली में पूजा-फल सामग्री लेकर पानी में उतर रहे हैं जहाँ कमर तक पानी में उतरकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है और सेवा करने वाले स्वयंसेवक भी लोगों की सहायता कर रहे हैं। छठ पर्व को लेकर राजनीतिक दलों के लोग भी खासे सक्रिय दिखे और छठ घाटों पर जाकर लोगों को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने छठ पूजा की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

### सूर्यदेव को अर्घ्य देने वाले श्रद्धालुओं को मिले सुविधाएं :महापौर



**रिसाली।** बृहस्पतिवार को महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर ने निगम क्षेत्र स्थित मरोदा डेम और तालाबों का निरीक्षण किया। सुबह महापौर सबसे पहले बीएसपी के मरोदा डेम पहुंचीं। उन्होंने वहां व्यवस्था सम्भाल रहे प्रभारी सहायक अभियंता गोपाल सिन्हा और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार को शाम को डैम और तालाब पहुंचने वाले व्रतधारियों को असुविधा न हो इस बात का विशेष

### स्कन्दा षष्ठी समारोह के दूसरे दिन उच्चिठा गणपती हवन से शुरुआत



**भिलाई, 7 नवंबर।** स्कंदाश्रम मे चल रहे स्कंदा षष्ठी समारोह के 27 वर्ष की दूसरे दिन की शुरुआत उच्चिठा गणपती हवन से हुए एवं श्री संतान गोपाल कृष्णा हवन हुआ जो पुत्र प्राप्ति वंश वृद्धि, गर्भ दोष निवृति हेतु संपन हुआ। श्री स्वयंवरा पार्वती होमम जो शीघ्र विवाह के लिए, विवाह बाधा से मुक्ति हेतु हुआ साथ मे श्री सूक्त हवन जो धनधनय, धनयम वृद्धि परिवार में संकट को दूर करने शांति बहाल करने सौभाग्य एवं संगठन की वित्तीय बंधनों को दूर करने के लिए हुआ तत्पश्चात दोपहर मे श्री महालक्ष्मी हवन जो दीर्घ आयु, लक्ष्मी कतकक्षम के लिए हुआ दोपहर 1:30 वजे पूर्णाहुति, दीप आराधना एवं प्रसाद वितरण हुआ ।

# छत्तीसगढ़ के पूर्वजों और पूर्व पीएम वाजपेयी के सपने को साकार कर रही सरकार: अमर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में भव्य राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। शाम 5.30 बजे से छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति व रीति रिवाजों पर आधारित अलग-अलग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होती रही। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद राजकीय गीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की स्तुति की गई। इसके पहले मुख्य अतिथि सहित गणमान्य जन प्रतिनिधियों के साथ राज्य शासन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित विकास सह-प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर मंच पर पूर्व विधायक अशोक साहू , जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जिला महामंत्री संतोष पटेल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल जिला सीईओ अजय त्रिपाठी , रूपेश जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। बिलासपुर के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चहूमुखी विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्योत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का छत्तीसगढ़ को सिरमौर्य बनाने का सपना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा होगा और छत्तीसगढ़ नई ऊंचाइयों को छु रहा है। विधायक श्री अग्रवाल ने राज्य बनने के समय की यादें साझा करते हुए बताया कि, जब छत्तीसगढ़ के लिए विधेयक संसद में पारित हुआ और सभी विधायकों के मन में खुशी थी कि वर्षों का सपना साकार हुआ। राज्य गठन के समय लोगों में भविष्य की चिंता थी, खासकर आर्थिक संबल को लेकर। लेकिन आज छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है और पूरे देश के लिए एक आशा का केंद्र बन चुका है, जिसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। विधायक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की संपन्नता का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य की धरती खनिज संपदा से भरपूर है। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों तक हुए विकास की भी सराहना की, जिससे प्रदेश के सभी जिलों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, और शिक्षा व्यवस्था साकार हुई। उन्होंने उल्लेख किया कि नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ का संपूर्ण कनेक्टिविटी नेटवर्क बेहतर हुआ है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान से इसे और विस्तार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में एम्स, आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई .द्व विधायक अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से गरीबों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। कवर्धा जिले में 33 हजार आवास निर्माण का कार्य डबल इंजन की सरकार के सहयोग से पूरा हुआ है। साथ ही, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खातों में एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सभी वादों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनका विश्वास है कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिससे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना साकार होगा। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ के विकास देश के लिए अग्रणी बताया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए कृतज्ञता प्रकट की। श्री भट्ट ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो प्रदेश के विकास में सहायक हैं। उन्होंने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों का भी उल्लेख किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में कबीरधाम जिला निरंतर प्रगति कर रहा है। वर्तमान में कवर्धा में 11 कॉलेज हैं और जल्द ही यहां एक मेडिकल कॉलेज भी स्थापित होने वाला है। रेलवे विकास के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। कृषि के क्षेत्र में भी सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप कवर्धा में दो शक्कर कारखाने स्थापित किए गए हैं, जिससे किसानों की स्थिति बेहतर हुई है। आज कवर्धा में 50 प्रतिशत सिंचित क्षेत्र है और प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव-गांव तक सड़कें बनाई गई हैं। रामकुमार भट्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज विकास के विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है, जिससे लोगों का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है। रामकुमार भट्ट ने विशेष रूप से किसानों की बेहतरी पर जोर दिया और कहा कि शक्कर कारखानों की स्थापना से किसानों की आय में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सड़क योजना से गांव-गांव में सड़कें बनने से ग्रामीण इलाकों का संपर्क बेहतर हुआ है, जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिल रही है।जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी ने कहा कि आज हम सभी बड़े हर्षोल्लास के साथ छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मना रहे हैं। यह हमारे राज्य का गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ का गठन हमारे माननीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में हुआ था। हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके महान योगदान को याद करते हैं। उनका सपना था कि छत्तीसगढ़ में विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूए और आज हम देख सकते हैं कि उनका यह सपना साकार हो रहा है।। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के विकास प्रतिवेदन पढ़ा। मंच संचालन अवधेश नन्दन श्रीवास्तव ने किया।

एक नजर

## 8 नवम्बर को धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में बच्चों की होगी निःशुल्क हृदय की जांच

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** सत्य सॉई अस्पताल, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक 8 नवम्बर को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा पहुंचेंगे। जहां हृदय रोग से संबंधित बच्चों का स्क्रीनिंग करेंगे। हृदयरोग से पीड़ित पाए जाने पर बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन सत्य सॉई अस्पताल, रायपुर में किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में एसईसीएल द्वारा संचालित 'धड़कन' कार्यक्रम अंतर्गत 0-19 वर्ष तक के ऐसे चिन्हांकित बच्चे जिन्हें हृदय रोग के लक्षण है उनका सत्य सॉई अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्क्रीनिंग व इको की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। कन्फर्मेशन पश्चात सत्य सॉई अस्पताल में बच्चों का निःशुल्क इलाज/ऑपरेशन किया जायेगा। डॉ.योगेश साथे (एच.ओ.डी) पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी व डॉ.निखिल शुक्ला बच्चों के लिये स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने बताया कि सर्वप्रथम 8 नवम्बर 2024 को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्क्रीनिंग अर्थात पूर्व परीक्षण किया जाएगा। जिसमें तेज धड़कन, वजन ना बढ़ना, शरीर का नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ स्तनपान करने पर पसीना आना जन्मजात हृदय रोग हो सकते है। उपरोक्त लक्षण वाले बच्चों के परिजन अपने नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों से संपर्क कर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अवश्य लाए। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण पश्चात दिनांक 09 नवम्बर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में इको मशीन द्वारा कर्फमेट्री परीक्षण किया जाएगा। जिसके पश्चात यदि बच्चे हृदयरोग से पीड़ित पाए जाने पर निःशुल्क ऑपरेशन सत्य सॉई अस्पताल में किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय व तृतीय चरणों में प्रत्येक विकासखंडों के सामु.स्वा. केंद्रो में पूर्व परीक्षण व इको जांच किया जाएगा।

## 72 लीटर महुआ शराब एवं 210 किलो महुआ लाहन पकड़ाया

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने अवैध मदिरा के परिवहन, भंडारण एवं बिक्री पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। उक्त निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए 72 लीटर महुआ शराब एवं 210 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया। मौके पर मदिरा बनाने के बर्तन बरामद करते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत गैर-जमानतीय धाराओं में प्रकरण कायम किया है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर वृत्त-घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम-बिलासखार थाना पूँजीपथरा, जंगल में कुरकुट नदी किनारे पहुँचे जहां उक्त स्थल पर चार प्लास्टिक डिब्बा में भरी प्रत्येक में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर, एक प्लास्टिक बॉटल में 2 लीटर, एक प्लास्टिक पालीथिन में भारी 10 लीटर इस तरह कुल 72 लीटर महुआ शराब एवं 14 प्लास्टिक बोरियों में भरी कुल 210 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक संतोष नारंग एवं जितेश नायक, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, राजेश्वर सिंह ठाकुर, भेखराम पटेल उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला सराईपाली पश्चिम में बच्चों का किया गया सम्मान



**रायगढ़, 7 नवम्बर।** रायगढ़ विकासखंड के किरोड़ीमल नगर संकुल केंद्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सराईपाली पश्चिम में 6 नवंबर को उत्सव के रूप में मनाया गया। गत वर्ष शासन की महत्वपूर्ण योजना आदिवासी बालक-बालिकाओं के लिए संचालित होने वाली एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में शाला के पांच छात्राएं शामिल हुई थी जिसमें चार छात्राओं का चयन हुआ। चयन पश्चात वर्तमान में तीन छात्राएं खरसिया विकासखंड स्थित ग्राम चोढ़ा के एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यनरत है, उन छात्राओं के साथ-साथ गत वर्ष कक्षा पांचवी में पढ़ने वाले शाला के अन्य छात्र-छात्राओं का भी स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और आगंतुकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधन किया गया। संबोधन की कड़ी में चयनित छात्राओं के द्वारा भी अपने अनुभव सभी बच्चों से साझा किये, प्रधान पाठक के द्वारा मंच संचालन एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों एवं आगंतुकों के लिए न्योता भोज का व्यवस्था किया गया था जिसका सभी ने आनंद लिया और बच्चे पौष्टिक आहार पाकर गदगद हो गए और उनके द्वारा भविष्य में अच्छा करने हेतु शाला प्रबंधन समिति, शाला स्टाफ एवं आगंतुकों को आश्वस्त किया कि हम भी अच्छे से पढ़-लिखकर शाला के साथ-साथ गाँव जिले का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीतांबर पटेल उपाध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी सिदार, विशिष्ट अतिथि प्रधान पाठक घनश्याम सिंह पटेल, प्रधान पाठक राजेंद्र चौरसिया, पालकगण छबिलाल सिदार, गोकुल सारथी, मनीष सिदार, रमेश सारथी, रमाशंकर बिन्झवार, लक्ष्मीन सिदार, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी चौहान, तिलोतमा पटेल, शाला के शिक्षकगण श्याम कुमार कमल, निरुपमा वैष्णव, प्रधान पाठक सी पी राहुल डनसेना एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## धरमजयगढ़ के कुड़ेकेला में जन समस्या निवारण शिविर 8 नवम्बर को

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 नवम्बर को विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-कुडेकेला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। साथ ही इसी माह में 29 नवम्बर को घरघोड़ा के कया में शिविर का आयोजन होगा।

# राज्य बनने के 24 साल बाद भी राजिम जिला नहीं बन पाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 6 नवंबर।** राज्य बनने के 24 साल बाद भी धर्म नगरी राजिम जिला नहीं बन पाया है जिसका मलाल यहां के लोगों को है। हां यह बात जरूर है कि इस दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की सत्ता रही। 8 साल कांग्रेस ने शासन किया। इनमें राज्य बनते ही कांग्रेस के अजीत जोगी की सरकार बनी। जिन्होंने 3 साल का कार्यकाल पूर्ण किया। 2018 से लेकर 2023 तक भूपेश बघेल की सरकार रही। इन्होंने पूरे 5 साल तक शासन किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी अपने 8 साल के शासनकाल में 06 नए जिले बनाएं। जिसमें 2020 में गौरेला पेंड्रा मरवाही, 2021 में मनेंद्रगढ़, मानपुर मोहला, सक्ति, सारंगढ़ बिलाईगढ़, 2022 में खैरागढ़ छुई खदान गंडई, इसी तरह से भाजपा के डॉ. रमन सिंह ने अपने 15 साल के कार्यकाल में 11 नए जिले बनाएं, जिसमें 1 मई 2007 को नारायणपुर और बीजापुर, 1 जनवरी 2012 को सुकमा, कोंडागांव, बालोद, बेमेतरा, बलोदा बाजार, गरियाबंद, मुंगेली, सूरजपुर और बलरामपुर। इस तरह से राज्य बनने के बाद कुल 16 जिला ही मिले थे। 17 नए जिले बनाकर इन्हें 33 जिला कर दिया गया है। लोग तो यह कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में 36 जिला होंगे अर्थात तीन नए जिले और बनाए जा सकते हैं। इन 33 जिला में छत्तीसगढ़ी ही नहीं बल्कि देश के प्रमुख धर्म नगरी राजिम जिला मुख्यालय के रूप में अस्तित्व में नहीं आ पाया है। जानकारी के मुताबिक प्राचीन काल से ही यह धर्म क्षेत्र राजिम मध्य भारत का प्रमुख तीर्थ स्थल माना जाता रहा है। जिसका जिक्र प्रतिवर्ष होने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला में राजनेतागण अपने भाषण में करते हैं। लोगों का कहना है कि इस बड़े तीर्थ क्षेत्र को भी शासन और सरकार जिला नहीं बन पाई, यह बड़ी सोचनीय विषय है। जिस तरह से देश के प्रयागराज संगम की मान्यता है इस तरह से छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम पर लाखों करोड़ों लोगों की श्रद्धा जुड़ी हुई है जिसके चलते अपने पूर्वजों के मुक्ति के लिए अस्थि विसजन, मुंडन संस्कार, स्नान, दान, यज्ञ, दर्शन, पूजन इत्यादि के लिए बारहों महीना देशभर से लोग आते रहते हैं यहां तक की विदेशी पर्यटक भी यहां की मिट्टी को नमन करने के लिए समय-समय पर पहुंचते रहते हैं। साल भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। बावजूद इसके पर्यटन की दृष्टिकोण से क्षेत्र का जो विकास होना चाहिए वह नहीं हो पाया है जिसकी कमी आने वाले पर्यटकों को स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। लोगों को जब बताया जाता है कि यह जिला मुख्यालय नहीं है तब वह सन्न रह जाते हैं। इनकी महत्ता को देखते हुए जिला स्तर के अधिकारियों को बैठने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है।

### अभिभाजित मध्यप्रदेश में भी राजिम जिला की आवाज बुलंद किए थे

राजिम विधानसभा में हर 5 वर्ष में विधायक बदल देते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले राजिम को जिला बनाने की मांग जोर पकड़ी हुई थी। तब संत कवि पवन दीवान राजिम जिला की मांग की आवाज राजधानी भोपाल में बुलंद किए थे। राज्य बनने के बाद प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी से राजिम को जिला बनाने की मांग पर अड़ गए थे। जानकारी के मुताबिक संत कवि पवन दीवान ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए खूब मेहनत किया था। उनका सपना था कि राजिम जिला बने। लेकिन 24 साल बाद भी जिला नहीं बन पाया। जबकि 2014 में संत कवि पवन दीवान ब्रह्मलीन हो गए। दीवान जी के सपना पूरा नहीं होना यहां के लोगों को बहुत खल रहा है। वैसे भी क्षेत्र के विकास के लिए लोग लंबे समय से जिला की मांग करते आ रहे हैं।

### जिला नहीं बनाने पर बदल देते हैं विधायक

यह भी जानना जरूरी है कि छत्तीसगढ़ राज्य बने तब कांग्रेस के अमितेश शुक्ल विधायक थे जिन्हें कैबिनेट में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री बनाया गया था। सन् 2003 में यहां की जनता ने इन्हें बदल दिया और भाजपा के चंदूलाल साहू को विधायक बना दिया। सन 2008 में जिला नहीं बनते देख कांग्रेस के अमितेश शुक्ला को फिर से विधायक बनाया। जबकि प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनी रही। सन 2013 में राजिम विधानसभा से सत्ता परिवर्तन कर दिया और भाजपा के संतोष उपाध्याय को विधायक बनाया। सन् 2018 में अमितेश शुक्ला को फिर से विधायक बनाया जबकि इस समय वह सत्ता पक्ष के विधायक रहे। इस बार जिला की मांग काफी जोर पकड़ी हुई थी। भूपेश बघेल सरकार ने 6 नए जिले भी बनाएं। लेकिन उन्होंने राजिम को जिला नहीं बनाया। विधानसभा क्षेत्र के लोगों को इस बात को लेकर खूब नाराजगी रही और सन् 2023 की विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा के रोहित साहू को विधायक बना दिया है।

## जनदर्शन में लफंदी के नरेन्द्र साहू को मिला श्रवण यंत्र



**राजिम 7 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने कल जनदर्शन में जिले के अलग- अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम लफंदी के श्रवण बाधित श्री नरेन्द्र साहू को श्रवण यंत्र प्रदान किया। ग्राम लफंदी निवासी श्रवण बाधित नरेन्द्र साहू को सुनने, बोलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। नरेन्द्र साहू ने जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें समाज कल्याण विभाग के तहत सहायक उपकरण प्रदाय योजना अन्तर्गत श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। श्री नरेन्द्र साहू श्रवण यंत्र मिलने से अच्छी तरह से सुन पायेगा। इसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 26 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम परतेवा के नोखेराम साहू ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, ग्राम कुरूद के कोमल सिंह ध्रुव ने भवन निर्माण की राशि दिलाने, राजिम की कु. भावना ने उच्च शिक्षा के लिए सहायता अनुदान राशि प्रदाय करने, ग्राम लफंदी के भरत लाल साहू ने पेंशन राशि दिलाने, ग्राम अरण्ड के संतोष ध्रुव ने ऋण पुस्तिका प्रदान करने, ग्राम सेम्हरा के सुन्दरलाल साहू ने पैतृक जमीन को ऑनलाईन कराने, ग्राम कौंदकेरा के देवकल्याण ने कास्त कब्जा के अनुसार अभिलेख दुरूस्त करने आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का रंगारंग प्रदर्शन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की रसधार देर शाम तक बहती रही। मुख्य अतिथि दयालदास बघेल, स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना सम्पत अग्रवाल सहित अतिथि एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित आला अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का देर रात तक आनंद लिया। कार्यक्रमों की पहली प्रस्तुति में राज्य की प्रसिद्ध महतारी लोक कला मंच, खरोरा के चन्द्रभूषण वर्मा एवं साथी कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को सजीव किया। इनकी रंगारंग प्रस्तुति ने न केवल लोगों का मनोरंजन किया बल्कि छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और नृत्य की खूबसूरती को भी उजागर किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को छत्तीसगढ़ की परंपराओं से रूबरू कराया, जिससे दर्शकों में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। पैरी छुनछुन बाजे रे और परम्परागत छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस में चार चांद लग गए।समारोह में हास्य-व्यंग्य के जाने-माने कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे की प्रस्तुति ने खास आकर्षण पैदा किया। अपनी चुटीली कविताओं और अनोखे अंदाज में उन्होंने सभी का मन मोह लिया और हंसी के ठहाकों से पंडाल गूंज उठा। उन्होंने कहा कि महासमुंद से मेरा पुराना नाता है और यहां वे आते रहे हैं। उन्होंने अपने व्यंग्य भरे लहजे में नेताओं और अधिकारियों को भी नहीं बख्शा। समाज के वर्तमान परिस्थिति को बखूबी अंदाज में प्रस्तुत किया। उनके साथ मंच पर राज्य के कई प्रसिद्ध कवियों ने भी अपनी कविताओं से समां बांधा। कोरबा की किरण सोनी, मुंगेली से देवेंद्र प्रसाद वीर रस में अपनी प्रस्तुति दी, वहीं कवर्धा के अभिषेक पांडेय ने भी अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कवियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि देशभक्ति और संस्कृति का गहरा संदेश भी दिया।समारोह के अंत में अलंकार बैंड पार्टी बिलासपुर के युवा कलाकारों की संगीतमयी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को संगीत से सराबोर कर दिया। उनके संगीत की धुनों पर देर शाम तक दर्शक झूमते रहे और कार्यक्रम में उत्साह का संचार होता रहा। बैंड पार्टी के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी संगीत को आधुनिक स्पर्श देकर दर्शकों के दिलों दिमाग में एक यादगार छाप छोड़ दी। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों ने भी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य, संगीत और गायन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आदिवासी छात्रावास के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपरा और उनकी धरोहर को दर्शाया। वहीं, फॉर्चून नेत्रहीन फाउंडेशन के बच्चों ने अपनी गायन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उनकी संगीतमयी प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और साबित कर दिया कि कला और प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के बच्चों ने अपनी पारंपरिक संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए तंबोरा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। इसके साथ ही राधिक साहू ने भरतनाट्यम की सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। अपनी भावभंगिमा से दर्शकों के दिल में एक अलग छाप छोड़ी। इसी तरह आस्था पटनायक ने अपने कत्थक नृत्य से मंच पर एक अलग ही छटा बिखेरी। उनके नृत्य के मनमोहक अंदाज और पारंपरिक कत्थक शैली ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके नृत्य प्रदर्शन ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा और सौंदर्य को प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के पश्चात कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## खामियों के चलते शाकम्बरी स्टील प्लांट और कोलवाशरी के कन्वेयर बेल्ट का संचालन प्रतिबंधित

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** रायगढ़ के संबलपुरी में संचालित मेसर्स मां शाकाम्बरी स्टील लिमिटेड के स्पंज आयरन प्लांट तथा कोलवासरी में स्थापित विभिन्न बेल्ट कन्वेयर के संचालन को सुरक्षा संबंधी खामियां मिलने पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने प्लांट का निरीक्षण करने के पश्चात श्रमिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिषेध आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में कार्य करने वाले श्रमिकों के सुरक्षा के लिए वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हुए हैं। सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने या इसकी अनदेखी पर उद्योग प्रबंधन के विरुद्ध कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। मनीष श्रीवास्तव, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं उप मुख्य कारखाना निरीक्षक ने बताया कि बीते 04 नवंबर को मेसर्स मां शाकम्बरी स्टील लिमिटेड, ग्राम-सम्बलपुरी, हमीरपुर रोड, जिला-रायगढ़ का रैण्डम पद्धति के तहत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारखाने के स्पंज आयरन प्लांट के आयरन ओर सर्किट में स्थापित बेल्ट कन्वेयर क्रमांक बीसी-5, कोल क्रशर से जंक्शन हाउस को जाने वाली बेल्ट कन्वेयर क्रमांक बीसी-2, कोल सर्किट में स्थापित बेल्ट क्रमांक बीसी-1, प्रोडक्ट बेल्ट क्रमांक बीसी-13, बीसी-12, बीसी-12 तथा कोलवासरी में स्थापित बेल्ट कन्वेयर क्रमांक बीसी-1, बीसी-2, बीसी 3, बीसी-4, बीसी-7, बीसी-8, बीसी-9 की टेलपुली को सुरक्षा आवरण से सुरक्षित किये बगैर चलाया जाता पाया गया। बेल्ट कन्वेयर को आपात स्थिति में रोकने के लिये बेल्ट कन्वेयर की पूरी लंबाई में दोनों तरफ पुलकॉड लगा नहीं पाया गया। उक्त स्थिति में इन बेल्ट कन्वेयर के समीप कार्यरत श्रमिकों की कार्य के दौरान टेलपुली की चपेट में आकर गंभीर दुर्घटना घटित होना संभावित है।

## श्री राम लला दर्शन के लिए रायगढ़ से श्रद्धालुओं का छठा जत्था रवाना

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** श्री राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रायगढ़ जिले से श्रद्धालुओं का छठा जत्था आज सुबह 6.30 बजे रवाना हुआ। श्रद्धालु बस से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां से वे स्पेशल आस्था ट्रेन से आगे के सफर के रवाना हुए। इस जत्थे में जिले से कुल 107 यात्री शामिल हो रहे हैं। इनमें 79 ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और 28 शहरी क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हैं। श्रद्धालुओं का दल 09 नवंबर को वापस लौटेगा। चार दिवसीय यात्रा के दौरान यात्री अयोध्या धाम के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे। यात्रियों के सहयोग के लिए जिला प्रशासन की ओर से 3 सहायकों का दल भी साथ जा रहा है। जिसमें एक चिकित्सा सहयोगी भी शामिल है। राम लला दर्शन योजना की शुरुआत मार्च 2024 से हुई है। जिसमें बारी-बारी प्रदेश के हर जिले से श्रद्धालुओं की टोली अयोध्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाती है। रायगढ़ जिले से अब तक 5 दल में साढ़े पांच सौ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। जिले से पहला जत्था 11 मार्च 2024 को रवाना हुआ था।उत्साह में सराबोर दिखे श्रद्धालु-अयोध्या धाम जाने वाले जिले के पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालु भक्ति भाव और उत्साह में सराबोर दिखे। अलसुबह प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ सफर की शुरुआत कर रहे जिले वासियों ने इसे सौभाग्य का पल बताया।

# शाम को चौपाटी सजते ही सड़क पर लगता है जाम

### एक घंटे से भी अधिक देरी तक बजता रहा एंबुलेंस का सायरन



**पत्थलगांव, 7 नवंबर।** हाईस्कूल का पुराना गेट के सामने शाम ढलते ही विभिन्न व्यंजनो के ठेले गुमटी लगने के कारण यहा हर दिन सडके जाम हो रही है। दिन मंगलवार की देर शाम यहा लगे जाम मे मरीज ले जा रही एक एंबुलेंस वाहन फसी रही,उसके चालक ने लगातार कई देरी तक सायरन बजाया परंतु जाम मे उसे आगे जाने की जगह नही मिल पायी। दरअसल हर शाम हाईस्कूल का पुराना गेट के सामने व्यवसायी ठेले गुमटी लगाकर गुपचुप-चाट,मोमोस,इडली-डोसा,झालमुरी,पाव भाजी,फालुदा आदि व्यंजन के ठेले लगाते है,इन दुकानो मे व्यंजन खाने आने वाले शहर के लोग अक्सर अपनी वाहनो को सडक पर लगाकर व्यंजन का लुफ्त उठाने मे जुटे रहते है। उन्हे इस दौरान यह मालुम नही चलता की उनकी पार्किंग की वजह से सडको पर जाम लग जाता है,अनेक बार इस जगह पर सडक हादसे भी हो चुके है। दो माह पहले एक महिला अपनी स्कूटी से यहा गिरकर चोटिल हुयी थी,उसके अलावा इस जगह पर लगभग हर रोज जाम के कारण छोटी बडी दुर्घटनायें हो रही है,यहा शाम के ठेले गुमटी वाले सडक से सटाकर अपना व्यापार संचालित करते है। मजे की बात यह है कि इन ठेले गुमटियों के पीछे एक दर्जन से भी अधिक बेजा कब्जा के ठेले गुमटियां रखी हुयी है,जिसके कारण शाम के आकर अपना व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को ठीक से खडे होने की जगह नही मिल पाती। उनके द्वारा रोड से सटाकर अपना व्यवसाय किया जाता है,उस पर यहा आने वाले ग्राहक सडको पर अपनी वाहन खडे कर व्यंजनो का लुफ्त उठाते है,जिसके कारण पुराना हाईस्कूल का गेट के सामने शाम ढलते ही चौपाटी के लगने के बाद हर शाम जाम लगना आम बात हो चुकी है।।

अतिक्रमण के कारण चौपाटी को नही मिली जगह-:शहर के भितर की अधिकांश सरकारी जमीन बेजा कब्जा की भेंठ चढ चुकी है,यही कारण है कि अब शासन प्रशासन को नयी बसावट के लिए सरकारी जमीन का लाभ नही मिल पाता। शहर के विभिन्न जगहो पर लगने वाले ठेले गुमटियों को एक जगह पर व्यवस्थित कर लगाने की सरकारी फाईले कई बार चल चुकी है,परंतु स्वयं प्रशासन को सरकारी जमीन ना मिलने के कारण आज तक शहर के ठेले खोमचे वाले व्यवस्थित जगह की तलाश कर रहे है।

प्रशासन नही लेता सुध-:शाम होते ही चौपाटी के कारण सडको पर लगने वाले जाम पर नियंत्रण रखने की प्रशासन ने कोई सुध नही ली। नगर पंचायत,राजस्व विभाग या पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम यदि बेजा कब्जा हटाकर शाम के लगने वाले ठेले खोमचो को व्यवस्थित करने की ओर ध्यान देते तो शायद अंबिकापुर रोड की सबसे व्यस्त माने जाने वाली मुख्य सडक पर शाम होते ही जाम की स्थिती नही बन पाती।।

--चौपाटी की नयी बसाहट के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है,जल्द ही शहर के भितर जमीन आबंटन कर ठेले गुमटियों को व्यवस्थित किया जायेगा।

**जावेद खान-सी.एम.ओ-नगर पंचायत-पत्थलगांव**

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण करें:सीईओ



**रायगढ़, 7 नवम्बर।** जिला स्तरीय आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा, आवास निर्माण, आर्थिक सहायता राशि जैसे विभिन्न आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं, शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किए। मौके पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम बैसपाली के रामप्रसाद डनसेना गली में हुए कब्जे को हटाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास से जो गली गयी हुई है उसमें भूनेश्वर डनसेना के द्वारा कब्जा कर गली को बंद कर दिया गया है। जिससे आने-जाने में परेशानी हो रही है। बांझीनपाली वार्ड नंबर 32 के शांतिलाल चौहान एवं कन्हैया लाल कहरा वेतन एवं ग्रेज्युटी रकम दिलाए जाने के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों मोहन जूटमिल रायगढ़ में काम करते थे। चूंकि जूटमिल तो बंद हो गया है, लेकिन उनके द्वारा काम किए गए वेतन एवं ग्रेज्युटी का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। उन्होंने वेतन भुगतान एवं ग्रेज्युटी को अतिशीघ्र दिलाने की मांग की। इसी तरह ग्राम ससकोबा के ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत लेकर जनदर्शन पहुचे थे। उन्होंने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक बिहारी लाल द्वारा राशन कार्ड धारकों के घर जाकर फिंगर प्रिंट लेने के बावजूद अक्टूबर माह का चावल वितरण नही किया है। ग्रामवासियों ने राशन दिलाने की मांग करते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक पर कार्यवाही मांग की। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खैरपुर के ग्रामीणों ने अवैध शराब पर कार्यवाही की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम खैरपुर में अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब बनाई एवं बेची जाती है। जिससे हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगे रहता एवं मारपीट होता है। जिससे महिलाओं और बच्चों के साथ पूरा गांव परेशान है। उन्होंने उचित कार्यवाही की मांग की, ताकि गांव को अवैध शराब से मुक्ति मिल सके। ग्राम-देहजरी निवासी रूपेश्वर पटेल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करते है। उन्होंने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। तमनार के राममंदिर चौक के रहवासियों ने नाली निर्माण के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि राममंदिर चौक में जुलाई में नाली निर्माण के लिए खुदाई की गई थी। जिसका कार्य आज पर्यन्त तक प्रारंभ नहीं हुआ है। बारिश में पानी भर जाने से रहवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। वहीं आवागमन एवं छोटे बच्चों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने आग्रह किया कि नाली निर्माण के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि यहां के रहवासियों को राहत मिल सके। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## जनजातीय गौरव दिवस पर शामिल होने उत्कृष्ट खिलाड़ियों से 8 तक आवेदन

**महासमुंद।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर 2024 को किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले जनजातीय वर्ग के खिलाड़ियों और उनके कोचों को आमंत्रित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि जिले के सभी ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जिन्होंने अपने खेल कौशल से जिले का नाम रोशन किया है, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, खेल विधा और उनकी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र या फोटोग्राफ्स (सॉफ्टकॉपी या हार्डकॉपी) के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर 2024 शाम 3 बजे तक है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास विभाग महासमुंद से संपर्क कर सकते है।

संपादकीय

# वक्त बदलता है तो फैसले बदलने पड़ते हैं

वक्त के साथ सोचने का ढंग भी बदलता है,पुराने विचार नए वक्त में अप्रासंगिक हो जाते हैं, उनको बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं होता है। यह संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी होती है कि वह नए युग के अनुरूप फैसले दे और पुराने फैसले को नकार दें। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक बाद निजी संपत्ति पर अपना फैसला सुनाया है। 1992 में सुप्रीम कोर्ट में मामला आया था कि क्या निजी संपत्ति को समुदाय की भलाई का बताकर सरकार अधिग्रहण कर सकती है? सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस मामले में इसी साल नौ जजों की बेंच बनाई और एक मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।सीजेआई ने कहा है कि बहुमत ने 1978 के जस्टिस कृष्णा अय्यर के फैसले को खारिज कर दिया गया है। उन्होंने अल्पमत फैसले में कहा था कि सरकार निजी संपत्ति को आम भलाई के लिए अधिग्रहित कर सकती है।सीजेआई ने कहा कि इसमें सैध्दांतिक त्रुटि थी, वह निजी संसाधनों पर भी सरकार के नियंत्रण की वकालत करता था।कई दशक तक सरकारें विशेष आर्थिक व समाजवादी विचारधारा से प्रेरित थी। बीते तीस साल में गतिशील आर्थिक नीति से भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। आम लोगों को यह बात समझ लेनी चाहिए कि निजी संपत्ति वह होती है जो किसी व्यक्ति की होती है, उसने संपत्ति अपनी मेहनत से अर्जित की होती है।वही सामुदायिक,सामाजिक या राज्य की संपत्ति नदी,जंगल, पहाड, सरकारी जमीन होती है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देश के लोगों पर क्या असर होगा। क्योंकि इस फैसले में भी तो कहा गया है कि सरकार समाज कल्याण व लोक कल्याण में निजी जमीन को अधिग्रहित कर सकती है। सरकारे जमीन लेकर उस पर मकान बनाकर गरीबों को दे सकती है बदले में उसे निजी जमीन के मालिक को मार्केट रेट से मुआवजा देना होगा। पहले और अब के फैसले में फर्क यह है कि सरकार आम भलाई के लिए सभी निजी संपत्ति को अपने कब्जे में ले सकती थी और अब वह सभी निजी संपत्ति को अपने कब्जे में नही ले सकती, उसे बताना होगा कि निजी संपत्ति जनता की भलाई के लिए कैसे जरूरी है, साथ ही उसका मुआवजा भी बाजार रेट के हिसाब से देना होगा। हकीकत यह है कि पुरानी सरकारे पुरानी वामपंथी सोच के आधार पर काम करती थी।वह सोचती थी कि यह उनकी जिम्मेदारीहै कि सामाजिक संसाधनों का वितरण आम लोगों की भलाई केलिए हो। राज्य व देश में धन कुछ लोगों के पास जमा नहीं होना चाहिए। वह दौर वामपंथ का था, पूरी दुनिया में वामपंथ की तूती बोलती थी। उसके विचारों को समाज के हित में सबसे बेहतर माना जाता था। क्योंकि तब के वामपंथी माडल जिस देश में थे वहां जनता की कोई निजी संपत्ति नहीं होती थी, वहां सारी संपत्ति राज्य की होती थी।कई देश अपने यहां ऐसा माडल तो नहीं बना सके क्योंकि राजनीतिक व्यवस्था ही ऐसी थी कि सरकार यह घोषणा कर नहीं सकती थी कि देश में सारी निजी संपत्ति सरकार की है। क्योंकि हमारे भारत में प्राचीन समय से निजी संपत्ति की अवधारणा है और माना जाता है कि संपत्ति मेहनत से कमाई जाती है, जो मेहनत करके कमाता है, संपत्ति उसकी होती है। इसलिए तब की सरकार ने जमीन स्तर पर तो समाजवाद के नाम पर कुछ नहीं किया लेकिन विचार के तौर पर उसे खूब दोहराया गया कि समाजवाद आएगा तो सबका धन संपत्ति पर बराबर हक होगा।समाजवाद आएगा तो सबकी सत्ता में हिस्सेदारी होगी। हकीकत में कहीं ऐसा नहीं हुआ। 1990 के बाद देश की आर्थिक नीति बदली तो राजनीतिक दलों ने पार्टी के नाम में जरूर समाजवादी रखा लेकिन सब पूंजीवादी हो गई । आज जितने पुराने समाजवादी है, सब पूंजीवादी हो गए हैं उनका समाजवाद सिर्फ नाम का रह गया है।लोगों को धोखा देने के लिए कि एक दिन हमारा शासन आएगा तो देखना हम गरीबों के लिए क्या करते हैं, वैसे वह कई बार शासन में आ चुके हैं लेकिन कभी गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। हाल ही के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने पुराने वामपंथियों की तरह जनता को गुमराह करने की कोशिश की कि उनकी सरकार आएगी तो वह सबकी संपत्ति का एक्सरे कराएगी और जिसके पास ज्यादा संपत्ति है, उससे लेकर गरीबों मं बांट दिया जाएगा। लेकिन जनता राहुल गांधी बातों पर भरोसा नहीं किया,इसी के साथ राहुल गांधी ने गरीब महिलाओं को खटाखट लखपति बनाने का वादा किया लेकिन गरीब महिलाओं ने भी राहुल गांधी का बातों पर भरोसा नहीं किया।सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब राहुल गांधी यह वादा नहीं कर सकेंगे कि वह अमीरों की संपत्ति लेकर गरीबों में बांट देंगे।झूठे वादों से कांग्रेस की कुछ सीटें तो जरूर बढ़ी लेकिन कांग्रेस तीसरी बार लोकसभा चुनाव हारकर नया रिकार्ड बनाया क्योंकि काग्रेस इससे पहले एक बार हारती थी तो दूसरी बार वह सत्ता में लौट आती थी, यह पहली बार हुआ है कि कांग्रेस दूसरी बार तो सत्ता नहीं लौटी, तीसरी बार भी वह सत्ता मे नहीं लौट पाई तो उसकी वजह यह है कि वह पुराने समय में जी रही है। वह अपने आपको संगठन, विचारधारा, नेतृत्व के स्तर पर नया नहीं कर पा रही है और पुरानी कांग्रेस ,पुरानी कांग्रेस की विचारधारा, पुराने कांग्रेस नेताओं को जनता पसंद नहीं कर रही है। कांग्रेस को भाजपा से सीखना चाहिए कि नया नेतृत्व कैसे सामने लाया जाता है, देश की राजनीति को नए समय के अनुरूप कैसे तय किया जा सकता है। विश्व में अपनी हिस्सेदारी के लिए कैसे देश व देश के बाहर नीतियों की जरूरत है। मोदी के आने के बाद भाजपा निरंतर अपने आपको बदल रही है, हर स्तर पर बदल रही है, उसके निचले स्तर के कार्यकर्ता सीएम बनाए जा रहे हैं, कांग्रेस वही गहलोत, हुड्डा, कमलनाथ, सिध्दारमैया में अटकी हुई है। भाजपा के पास दूसरी पंक्ति के नेताओं की कमी नहीं है जबकि कांग्रेस में दूसरी पंक्ति के नेता सामने नहीं आ पा रहे हैं क्योकि पुराने लोग जगह खाली नहीं कर रहे हैं। भ्रष्टाचार व परिवारवाद के चलते कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों का बुरा हाल है, वह सत्ता मिलती है तो बिना भ्रष्टाचार किए रह नहीं सकते हैं, जिस सरकार को इतिहास देखा जाए उसमें भ्रष्टाचार व परिवारवाद जरूर होगा।

समसामयिक

ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया

# राष्ट्र के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम

भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोड़ने से कहीं बढ़कर है।यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है।पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकासहुआ है।दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं।इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है।वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है।बैंकिंग सेवाएं, केवाईसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल-आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने-फूलने में मदद मिली है।अकेले अक्टूबर 2024 में, देशमें आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए।

हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है।विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदाहोने वालेखतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा केये उपकरणस्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फि शिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं।

एक विशेष चुनौती सामने आई है: ह्लडिजिटल अरेस्टह्लके घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत झ अपराधीसरकारी अधिकारियों के रूप में निर्दोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैंऔर उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुएहमारे अधिकारियोंने पूरी तत्परता दिखाई है। उन्होंनेफर्जी तरीकों से हासिल किए गए मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यहमहजआंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है।

अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से ह्लरुको, सोचो और एक्शन लोह्ल का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया ह्यमन की बातह्ल संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और ट्ट्टी१ॅ.ङ्म५.्लपोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है।

फिर भी, साइबर अपराधियों नेचालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों



कोप्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों (+91-७७७७७७७७७७) के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वालाचतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपानासंभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ाबचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलोंझलगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन - को रोक रहा है।

साइबर-सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण केकेन्द्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। ह्यसंचार साथीह्ल प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं जो उपयोगकताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया, 71,000 विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपीएस) के माध्यम से 1,900 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी के लाभ के साथ, हमने विद्यार्थियों को भी जमीनी स्तर की पहल में शामिल किया है। देश भर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने संचार मित्र स्वयंसेवकों के रूप में कदम बढ़ाया है। ये स्वयंसेवकसमुदायों तक पहुंच रहे हैं और ह्यसंचार साथीह्ल पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। ये युवा हिमायती नागरिकों को दूरसंचार धोखाधड़ी को रोकने के लिए उपलब्ध उपकरणों का उपयोग करने में मदद करते हैं। मई 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, संचार साथी पोर्टल ने 7.7 करोड़ विजिट और प्रतिदिन औसतन दो लाख उपयोगकर्ताओं के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस पोर्टल ने 12.59 लाख चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस धारणा को मजबूत करते हुए कि साइबर रक्षा और सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, यह पोर्टल अपने डिजिटल अनुभवों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध नागरिकों के लिए एक आवश्यक संसाधन बन गया है।

स्पैम कॉल, अनचाहे एसएमएस और टेलीमार्केटिंग के खतरे से निपटने के एक निर्णायक प्रयास के तहत, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी उपायों की एक मजबूत श्रृंखला भी लागू की है। नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड लगाया जाएगा, जो डिजिटल विश्वास के उल्लंघन के प्रति शून्य-सहिष्णुता (जीरो-टोलेरेंस) की नीति का परिचायक है। अब तक, ट्राई ने असत्यापित प्रचारात्मक कॉल में संलग्न 800 से अधिक संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जबकि 1.8 मिलियन से अधिक नंबर काट दिए गए हैं। ऐसीसख्त कार्रवाई एसएमएस संबंधी धोखाधड़ी के मामले में भी की गई है, जिसके तहत 350,000 अप्रयुक्त और असत्यापित मैसेजिंग हेडर और 1.2 मिलियन कंटेंट टेम्पलेट को ब्लॉक कर दिया गया है।

हमारी साइबर रक्षा रणनीति के केन्द्र में डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) है, जो 460 बैंकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित 520 से अधिक हितधारकों को एकजुट करता है। यह सहयोग वास्तविक समय में सूचना साझा करने और साइबर खतरों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई को संभव बनाता है।

तेजी से विकसित हो रहे इस डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना महज एक सावधानीभर नहीं है। बल्कियह हमारे देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से एक आवश्यक कदम है। एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, तकनीक-प्रेमी युवा आबादी और मजबूत संस्थागत ढांचे के साथ, भारत ने खुद को डिजिटल इकोसिस्टम में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। जैसे-जैसे हम इस जटिल परिदृश्य में आगे बढ़ रहे हैं, निरंतर सुधार और अनुकूलनशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ बनी रहेगी। प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप कार्य करते हुए, हम एक सुदृढ़ साइबर व्यवस्था से लैस भारत का निर्माण करेंगे - जहां प्रत्येक नागरिक सुरक्षित, सशक्त और इस डिजिटल युग में फलने-फूलने के लिए तैयार हो।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। नौकरी में बदलाव के लिए भी आप योजना बना रहे थे, तो आपके वह प्रयास में सफल रहेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। घर परिवार में चल रही समस्याओं से भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपका कोई पार्टनर आपके साथ विश्वासघात कर सकता है, इसलिए पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल करने से पहले सोच-विचार अवश्य करें। परिवार में सदस्यों से यदि कुछ मतभेद चल रहे थे, तो वह भी काफी हद तक दूर होंगे। आपको अपने स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी पैतृक संपति के प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में भी आपको कोई नया पद मिलने की संभावना है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग आपके कामों से खुश रहेंगे, जिससे आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। माता-पिता से आप कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। मित्रों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। परिवार में लंबे समय से यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो वह भी काफी हद तक दूर होगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी पारिवारिक समस्याओं भी मिल बैठकर दूर होगी। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा। मित्रों के साथ आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आप यदि किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें आपसे गड़बड़ी हो सकती हैं। परिवार का कोई सदस्य यदि घर से दूर नौकरी में कार्यरत है, तो उसे आज परिवार के सदस्यों की याद सता सकती है। आपको किसी नए घर मकान आदि की खरीदारी करने का सपना पूरा होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके ऊपर कुछ आरोप लग सकते है। आपकी कोई पुरानी शारीरिक समस्या उभरने की संभावना है। आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है, नहीं तो ऐसा करने में समस्या आएगी। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें। कोई वाद-विवाद यदि लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है।

तुला- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको बिजनेस में उतार-चढ़ाव बने रहेंगे, जिसके कारण आपकी टेंशन बढ़ेगी। किसी काम को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह चिंता भी दूर होगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के प्रयासों को सफलता मिलेगी। जीवनसाथी से कुछ मतभेद उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपने भाई- बहनों से कोई बात गुप्त नहीं रखनी है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिल सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है, जिससे आपके बिजनेस में तरक्की होगी। आपको परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कुछ गलती कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी नौकरी के प्रयासों में तेजी आएगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होंगी। आप किसी से कर्ज लेने से बचें, क्योंकि आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न होंगे। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

मकर- आज का दिन आपके लिए अत्यधिक मेहनत भरा रहने वाला है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के प्रयासों में तेजी लाएंगे। बिजनेस में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती हैं। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। परिवार में किसी वाद-विवाद से आपको दूर रहने की सलाह दी जाती है। आपकी धार्मिक कार्य के प्रति रुचि बढ़ेगी, जिसे देखकर परिवार के सदस्यों को खुशी होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवारों के सदस्य से यदि कोई विवाद चल रहा था, तो वह भी काफी हद तक दूर होगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। माता जी के सेहत में यदि आपने लापरवाही दिखायी, तो वह बाद में कोई बड़ी समस्या बन सकती है। आपको अपने पिताजी से किसी बिजनेस संबंधित समस्या को लेकर बातचीत करनी होगी। राजनीति में कदम बढ़ा रहे लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती हैं। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचाने की आवश्यकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति के मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपने यदि किसी योजना में इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह भी आपको अच्छा लगा देगी। किसी सरकारी योजना का आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी पारिवारिक समस्या भी मिल बैठकर दूर होंगी और संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से घर से दूर जाना पड़ सकता है। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है।

# सूर्योपासना का प्रतीक - छठ पर्व



सनातन भारतीय संस्कृति में सूर्य को ऊर्जा का अक्षय स्रोत माना गया है। अतः भारत में वैदिक काल से ही सूर्योपासना व्यापक रूप से प्रचलित रही है। बिहार में सूर्योपासना छठ व्रत के रूप में की जाती है। ' छठ ' शब्द संस्कृत के ' षष्ठ ' शब्द का तद्भव रूप है।

व्रत में संकल्प के साथ नियमावली होती है , जिसका पालन करना बहुत ही जरूरी होता है । साधारणतः उपवास में अन्न का त्याग होता है तथा परमात्मा का चिन्तन होता है। इस दृष्टि से व्रत एवं उपवास दोनों का समन्वित रूप है - छठ पर्व।

सूर्य की रश्मियों में छः अप्रतिम शक्तियां विद्यमान हैं - दहनी , पचनी , धूम्रा , कर्षिणी , वर्षिनी तथा रसा अर्थात् जलने वाली , पाचन क्रिया करने वाली लोहित करने वाली , आकर्षण करने वाली , वर्षा करने वाली और रस प्रदान करने वाली। भगवान सूर्य की ये छः शक्तियां ही ₹ छठी मैया ₹ कहलाती हैं। छठ षष्ठी तिथि को मनाई जाती है। षष्ठी तिथि स्त्रीलिंग है। अतः यह छठी मैया के नाम से भी प्रसिद्ध है. यह लोक-पर्व स्वच्छता को पवित्रता तक ले जाने में सहायक होती है। स्नान से शरीर-शुद्धि की और ध्यान से अंतःकरण की पवित्रता से व्रत का आरंभ होता है। नहाय - खाय यह संदेश देता है कि भोजन के पहले शरीर शुद्धि बहुत ही जरूरी है । दूसरे दिन खीर खाकर अपने उपवास को संबलता प्रदान करते हैं। इसे ' खरना ' कहा जाता है। तीसरे दिन षष्ठी तिथि को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सप्तमी के सूर्योदय की प्रतीक्षा करते हैं। एक तरह से पुनर्जन्म के गूढ़ सिद्धांत को बड़े ही सरल ढंग से प्रकट करते हैं।

**विष्णु धर्मोत्तर में कहा गया है -**

उदिते दैवतं भानौ पित्र्यं चास्तमिते रवौ।

अर्थात देव-कार्यों में सूर्योदय की तिथि और पितृ-कार्यों में सूर्य के अस्त की तिथि उपयोगी होती है। छठ-पर्व एकमात्र ऐसा पर्व है जहां देव-कार्य एवं पितृ-कार्य दोनों श्रद्धा से संपन्न होते हैं।

**छठ पर्व की पौराणिकता एवं विशिष्टता :--**

1 शिव पुराण के रूद्र संहिता के अनुसार भगवान शिव के तेज से छः मुख वाले बालक का जन्म हुआ , जिसका पालन-पोषण छः कृतिकाओं ( तपस्विनी नारियों ) ने किया था , जिससे यह बालक कार्तिकेय नाम से विख्यात हुआ । ये छः कृतिकायें ही षष्ठी माता या छठी मैया कहलाती हैं।

2 सूर्यपुत्र कर्ण घंटों तक कमर तक जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देता था। आज भी यही पद्धति हम सभी छठ पर्व में अपनाते हैं ।

3 . इस व्रत को सर्वप्रथम च्वयन मुनि की पत्नी सुकन्या ने अपने जरा-जीर्ण अंधे पति की आरोग्यता के लिए किया था। इस व्रत से उनके पति युवा हुए तथा उन्हें नेत्र प्राप्त हुआ था।

4 भगवान राम का जन्म सूर्यवंश में हुआ था। ऋषि अगस्त्य ने लंकापति रावण को परास्त करने के लिए भगवान राम को ₹ आदित्य हृदय स्तोत्र ₹ का पाठ बताया था , जो सूर्य - उपासना का एक उच्चस्तरीय प्रयोग था।

5 . भगवान राम एवं भगवती सीता ने राम राज्य की स्थापना के दिन अर्थात कार्तिक शुक्ल षष्ठी को ही उपवास कर सूर्य देव की आराधना की थी।

6 . भगवान श्री कृष्ण के पुत्र सांब के कुष्ठ रोग का उपचार सूर्य उपासना द्वारा हुआ था।

7 . छांदोग्य उपनिषद में सूर्य के माध्यम से पुत्र-प्राप्ति की बात कही गई है। माता कुंती से कर्ण का जन्म सूर्य भगवान के मानवीकरण को दर्शाता है।

8 . पांडवों के वनवास के दौरान अन्न की कमी से बचने के लिए धौम्य ऋषि ने युधिष्ठिर को अष्टोत्तर-शतनाम सूर्य स्तोत्र ( सूर्य के १०८नाम ) दिया था तथा सूर्य की उपासना करने का परामर्श दिया था। इस उपासना से भगवान भास्कर ने प्रकट होकर एक ताम्रपत्र दिया और कहा कि जब तक रानी द्रोपदी इस पात्र में भोजन नहीं करेगी , तब तक इस में स्थित भोज्य-पदार्थों की कमी नहीं होगी। इसके पश्चात द्रौपदी षष्ठी-तिथि को उपवास करने लगी। फलस्वरूप पांडवों को उनका खोया हुआ राजपाट वापस मिल गया था। छठ-पर्व एक ऐसा पर्व है , जो शास्त्र की जटिलताओं से मुक्त कर सर्वजन को यह अधिकार देता है कि वह अपने पुरोहित स्वयं बनें। इसलिए इस पर्व का व्रती स्वयं साधक तथा स्वयं पुरोहित भी होता है ।



समस्या

संजीव ठाकुर

# जीवन-संघर्ष से पलायन, अकर्मण्यता की परिणीति

अकर्मण्यता शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है जो जीवन को निरर्थक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके' कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है' निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता'

## एक नजर

### राज्योत्सव की छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं की मिली जानकारी



**बीजापुर , 6 नवम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24वें वर्षगाठ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर के मिनी स्टैडियम में आयोजित कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का स्टॉल विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया था जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। छायाचित्र प्रदर्शनी लोगो में आकर्षण का केन्द्र रहा रात्योत्सव में पहुचे लोगो को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम, मासिक पत्रिका जनमन, रोजगार नियोजन सहित अन्य पत्र-पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। युवाओं में प्रतियोगी के लिए सामग्री को पाकर खुशी जाहिर की।

### टीम ने बम बरामद किया



**बीजापुर , 6 नवम्बर ।** सुरक्षा कैंप नम्बी से 205 कोबरा, केरिपु 196 बटा0 तथा बस्तरिया बटा0 की संयुक्त टीमें डिमाईनिंग तथा एरिया डोमिनेशन पर उसूर थाना अंतर्गत भूसापुर की ओर निकली थी। डिमाइनिंग के दौरान 205 कोबरा की बीडीडी टीम द्वारा घने जंगली इलाके में नंबी कैंप से लगभग 2.5 किमी0 उत्तर-पूर्व दिशा में क्रमशः 03 किलोग्राम व 1.5 किलोग्राम के 02 आईईडी बरामद किए गए।माओवादियों के द्वारा उक्त दोनों आईईडी सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाया गया था।ढ्ढश्वष्ठ प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया गया था, 205 कोबरा बीडीडी टीम द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुए सतर्कतापूर्वक सुरक्षित तरीके से आईईडी को मौके पर नष्ट किया गया।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: हर घर को मिलेगी सस्ती और हरित ऊर्जा

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना फरवरी 2024 से लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली प्रदान करना है। इस योजना के तहत, उपभोक्ता अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं, जो उनकी बिजली जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ ग्रिड में अतिरिक्त ऊर्जा भी सप्लाई करेगा। इसके अतिरिक्त ऊर्जा के बदले में उपभोक्ताओं को आय प्राप्त होगी, जिससे बिजली बिल शून्य होने का लाभ मिल सकता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में विद्युत विभाग और क्रेडा विभाग को निर्देश दिए है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पूर्ति सुनिश्चित करें।कार्यपालन अभियंता विद्युत भुनेश्वर दीवान ने बताया कि इस योजना के तहत 1 किलोवाट से 3 किलोवाट तक की क्षमता के सोलर संयंत्रों के लिए सब्सिडी का प्रावधान है। जैसे कि 1 किलोवाट संयंत्र के लिए 30,000 रुपए, 2 किलोवाट संयंत्र के लिए 60,000 रुपए, और 3 किलोवाट संयंत्र के लिए 78,000 रुपए तक की सब्सिडी मिल सकती है। हितग्राही को संयंत्र की कुल लागत का केवल 10 प्रतिशत देना होगा, जबकि शेष राशि पर 7 प्रतिशत ब्याज दर से बैंक ऋण की सुविधा भी है। फरवरी 2024 में लागू हुई इस योजना के तहत महासमुंद जिले में 8000 संयंत्रों का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें कुल 18700 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीयन कराया गया है एवं 04 उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों में सोलर संयंत्र स्थापित कर योजना का लाभ प्राप्त किया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को मोबाइल ऐप पर पंजीकरण करना होगा।

# विधिविधान से पूजा-अर्चना कर डूबते सूर्य को दिया गया अर्घ्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 7 नवंबर।** लोक आस्था का महापर्व छठ मनाने के लिए भोजपुरी समाज के लोगों ने बेहतर व्यवस्था बना रखी थी,डूबते सूर्य को अर्घ्य देने भारी संख्या में नगरवासी किलकिला एवं पुरन तालाब में बने छठ घाट पहुंचे,सभी व्रतियों के द्वारा मंत्रोच्चार व विधि विधान से सूर्य देवता की अराधना की गयी,जिसके बाद भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया,दिन शुक्रवार को सुबह का अर्घ्य देने के बाद अरुणोदय में सूर्य छठ व्रत का समापन किया जाएगा। दिन गुरूवार की शाम किलकिला व पुरन तालाब के छठ घाट में सूर्य देवता को पहला अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने अस्ताचल भगवान सूर्य को विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ जल अर्पित किया,इस दौरान छठ घाट में पारंपरिक लोक गीत गूंजते रहे। शासन प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हुये थे,छठ घाट में जमकर आतिशबजी भी की गयी। यहा के किलकिलेश्वर धाम मे छठ का पर्व बेहद हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया,दुरस्थ अंचल से आये कलाकारो ने छठ मईया के भजनो की प्रस्तुति दी,यहा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था,छठ महापर्व पूजन समिती किलकिला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे महिला गायिकाओ के अलावा पुरूष गायक भी भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे,यहा भी छठ घाट पर आकर्षक लाईट के साथ व्रतियों की सुरक्षा के संपूर्ण इंतजाम किये हुये थे। प्रशासन की ओर से सडको को धूल से बचाने के लिए पानी का छिडकाव किया था,जिससे आज छठ त्यौहार के दिन शहर के लोगो को धूल से कुछ समय के लिए निजात मिल गयी। किलकिलेश्वर धाम मे छठ महापर्व के उपलक्ष्य मे आयोजित सांस्कृतिक भजन संध्या मे भारी संख्या मे भीड उमडी थी। भजन संध्या के पश्चात आयोजन समिती की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया था,जिसमे दूर दराज से आये लोगो के साथ शहर के लोगो ने भंडारा ग्रहण किया।



**भोजपुरी समाज ने निकाली रैली-:**छठ महापर्व के अवसर पर भोजपुरी समाज के सैकडो युवको द्वारा भगवा ध्वज थामे वाहन रैली निकालकर धर्म का संदेश लोगो तक पहुंचाने का प्रयास किया। भोजपुरी समाज के युवक भगवान सूर्य देव के जयकारे के साथ नगर भ्रमण किये। दरअसल यह त्यौहार यू.पी,झारखंड,बिहार के रहने वालो का प्रमुख त्यौहार माना जाता है,इस त्यौहार की शुरूवात दो दिन पूर्व हो चुकी थी।

# कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया



**सुकमा, 7 नवंबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को विकाखण्ड कोंटा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्वास्थ्य, शिक्षा और बैंकिंग सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सुधार और कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव, एसडीएम कोंटा श्री शबाब खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा में सुधार के निर्देश

कलेक्टर श्री ध्रुव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा का निरीक्षण करते हुए अनुपयोगी सामान को तुरंत रिप्लेस करने और मेंटल काउंसलर, गायनोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिशियन, और एक्स-रे टेक्निशियन की नियुक्ति करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने, डोम शेड का निर्माण करने, और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) को फंक्शनल बनाने के निर्देश भी दिए। पानी की समस्या का समाधान करने के साथ-साथ स्व सहायता समूह के लंबित भुगतान का निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने मरीजों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी और शिशु सुरक्षा किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अतिरिक्त कक्ष निर्माण शीघ्र पूरा करने को कहा।

प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास भेज्जी में सुविधाओं की समीक्षाकलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्र प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास भेज्जी का दौरा करते हुए बच्चों को बेडशीट, चादर जैसी आवश्यक सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। छात्रावास में शौचालय का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने और नवीन निर्माणाधीन बालक छात्रावास का गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।उप स्वास्थ्य केंद्र गोरखा में स्टाफ की आवश्यकता पूरी करने के निर्देशकलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र गोरखा का निरीक्षण करते हुए वहां स्टाफ की आवश्यकता को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, केंद्र में पंजीयन को नियमित एंट्री करने को कहा ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।सहकारी बैंक मर्यादित कोंटा में डेटा अपडेट के निर्देश-कोंटा स्थित सहकारी बैंक मर्यादित का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री ध्रुव ने बैंक डेटा को शीघ्र अपडेट करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और बैंकिंग सेवाओं में सुधार आए।

### छठ पर्व का वैज्ञानिक एवं धार्मिक कारण बताया

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में छठ पर्व के महत्व से अवगत कराने के लिए कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छठी माता की आराधना व वंदन से हुई। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या सरवरी पींचा एवं चेयरमैन महेंद्र जैन मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य ने छठ पर्व पर प्रकाश डाला। छात्रों रूही महतो, ममता साहू नूतन कन्नौज, शीफा एंटोनी, खुशी चंद्राकर द्वारा सुमधुर गीत गाए। छात्रा नेहल साहू कक्षा बारहवीं, यास्मीन यादव कक्षा दसवीं ने भाषण प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा छठ महापर्व पारंपरिक तौर तरीके से विधि विधान से कैसे मनाते है? इसे अभिनय के माध्यम से संदेश देते हुए बताया कि छठी मईया बहुत करुणामई, संतान प्रदान करने वाली है। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका आरती झा ने कहा कि माता सीता, कृष्ण द्रौपदी एव दानवीर कर्ण ने भी अपने कुटुंब व संतान की सुख समृद्धि, के लिए उपासना की थी। ललिता चंद्राकर ने कहा कि छठ पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी को होता है।

# गड़बड़ी करने पर अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी:कलेक्टर



**गरियाबंद, 7 नवंबर।** जिले में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर होने वाले धान खरीदी के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने ब्रांच मैनेजरों, खाद्य निरीक्षकों एवं धान खरीदी केन्द्रों में पदस्थ डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की बैठक लेकर धान खरीदी की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। जिले के पंजीकृत किसानों से सुविधाजनक रूप से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध धान के भंडारण और विक्रय की गतिविधि नहीं होनी चाहिए। इन कार्यो में गड़बड़ी एवं अधिकारी-कर्मचारियों की संलिप्तता पाए जाने पर संबंधितों पर एफआईआर दर्ज की कार्यवाही की जाएगी। धान खरीदी के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों का 2 एवं बड़े किसानों का 3 टोकन काटा जायेगा। किसानों को धान खरीदी दिवस के सात दिन पहले टोकन कटाना होगा। गांववार औसत धान के उत्पादन एवं बिक्री पर नजर रखी जायेगी। औसत से असामान्य एवं बहुत अधिक मात्रा में धान खरीदी पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। 7 नवम्बर से टोकन काटने का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। किसान समिति एवं टोकन तुहंर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से भी टोकन प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी तैयारियों को पूर्ण कर 7 नवम्बर को धान खरीदी का ट्रायल रन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधीश ने यह भी कहा राइस मिलों में गड़बड़ियां रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे बैठक में जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु, डीएमओ अमित चंद्राकर, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गोस्वामी, सहायक पंजीयक श्रीमती उषा ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के 90 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जायेगी। सभी केन्द्रों में 35 बिंदु में बनाए गए चेकलिस्ट अनुसार धान खरीदी की सभी तैयारी सुनिश्चित कर लेवे। खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं सुविधा की जांच कर ले। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी धान बेचने में नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए शासन द्वारा निर्धारित नई दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए उसका अच्छे से अध्ययन कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की यह सुनिश्चित कर लें कि सभी धान खरीदी केंद्रों में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। साथ ही विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रिंटर, बायोमेट्रिक डिवाइस, इंटरनेट कनेक्शन, आर्द्रता मापी एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की भी व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इस बार खरीदी केंद्रों में केवल इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन का उपयोग धान खरीदी के लिए किया जाएगा। इसका समय पूर्व नापतौल विभाग से सत्यापन जरूर कर लेंगे। खरीदी केंद्रों में नए एवं पुराने बारदानों की व्यवस्था, सुतली, रंग आदि समय से पहले सुनिश्चित कर ले। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने धान खरीदी केंद्रों में चबूतरो की साफ सफाई, तारपोलिन व्यवस्था आदि भी तय समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी से संबंधित जानकारी सभी केंद्रों में फ्लेक्स एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। फ्लेक्स में राज्य एवं जिला स्तर के हेल्पलाइन नंबर भी अनिवार्य रूप से मुद्रित करने के निर्देश दिए। जिससे लोग किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर में संपर्क कर समाधान पा सकेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी में डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की अहम भूमिका होती है। सभी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें।

# जिल के मिनी स्टेडियम में मनाया गया राज्योत्सव



**बीजापुर 7 नवम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति परम्परा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं अन्य जिलों के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आर्केस्ट्रा का विशाल जनसमूह ने भरपूर आनंद उठाया।

जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विभागीय योजनाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, ग्रामीण विकास, पशुपालन, मत्स्य मछली पालन, कृषि उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला बाल विकास, खेल विभाग एवं जनसंपर्क विभाग सहित कुल 22 विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए लोगों को शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसिकल, बैसाखी सहित विभिन्न सहायक उपकरण भी दिव्यांगजनो को वितरित किया गया। साथ ही अन्य विभाग द्वारा सामग्री एवं विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित कर चेक, वन अधिकार पत्र, कृषि उपकरण, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वितरण किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ नागरिक श्री श्रीनिवास मुदलियार, श्री जी वेंकट, श्री संजय लुक्कड़ द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले वासियों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन के योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से बीजापुर जिला निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। बीजापुर के विकास में शासन-प्रशासन का सहयोग करने जिलेवासियों का भी आभार व्यक्त किया। बीजापुर सुदूर और संवेदनशील जिला होने के बावजूद शासन की योजना ग्रामीणों को आकर्षित कर रही है जिसके कारण सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन की सुविधा, संचार की सुविधाएं लगातार बढ़ रही है और बीजापुर अब निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बीजापुर जनजाति बाहुल्य एवं वनांचल जिला होने के कारण यहां का प्रमुख आय का स्त्रोत वनोपज संग्रहण, कृषि है छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, तेन्दूपत्ता के प्रति मानक बोरा 4 हजार से 5500 होने पर यहां के आदिवासियों एवं तेन्दूपत्ता संग्राहकों में हर्ष व्याप्त है। वहीं महतारी वंदन योजना से जिले के 35 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण में तेजी आई है। छत्तीसगढ़ शासन के सुरक्षा के साथ विकास पर आधारित नियद नेल्लानार योजना के तहत अंदरूनी गावों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आंगनबाड़ी जैसे बुनियादि सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। वहीं शासन की समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने अंदरूनी क्षेत्रों में अभियान के रूप में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता जैसे जरूरी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। वर्षों से बंद हुए स्कूल खुलने से नौनिहाल शिक्षा के मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

कार्यक्रम के समापन से अवसर पर समस्त नर्तक दलों को पुरस्कृत किया गया । वहीं विभागीय प्रदर्शनी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रथम स्थान मिला, जिला पंचायत को द्वितीय स्थान एवं संयुक्त रूप से आदिवासी विकास एवं शिक्षा विभाग को तृतीय स्थान पर रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एकता दौड़ के विजेताओं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए उन्हे पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

# चैतराम अटामी ने जनसम्पर्क की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**सुकमा, 7 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की 24 वीं वर्षगांठ के अवसर पर ज़िला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। राज्य सरकार द्वारा पिछ्ले 10 माह की योजनों के छायाचित्र का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चैतराम अटामी, विधायक दंतेवाडा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन साथ थे । शासन की छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जो कार्य किया है, वह विश्वसनीय और सराहनीय के साथ प्रशंसनीय बताया है। जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को बेहद आसान शब्दों में दर्शाया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्कूली बच्चे और आम नागरिक इस प्रदर्शनी की सराहना की। छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि आंकड़ों के साथ जानकारी उपयोगी है।छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए दीप सागर और रोशन यादव और उनके साथ आये दोस्त ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके के लिए बहुत राहत मिली है। लोगों को प्रदर्शनी देखकर उन्हें राज्य शासन द्वारा पढ़े-लिखे युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी मिली है। ज़िला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव में लगायी गयी प्रदर्शनी अच्छा प्रतिसाद मिला। इसके अलावा राज्योत्सव में आए लोगों को निःशुल्क प्रचार सामग्री प्राप्त की। उन्होंने जनमन पत्रिका और उदित छत्तीसगढ़ को काफी उपयोगी बताया।

### विधायक चैतराम अटामी सुकमा पहुंचे अरुण सिंह भदौरिया एवं परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं दी



**सुकमा, 7 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दीपोत्सव की बधाई देने के लिए विधायक चैतराम अटामी बुधवार की सुबह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं दंतेवाड़ा विधानसभा के प्रभारी अरुण सिँह भदौरिया के सुकमा निवास पहुंचे। यहां उन्होंने दंतेवाड़ा विधानसभा के प्रभारी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अरुण सिँह भदौरिया एवं पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपाई पीलू राम यादव सहित आम नागरिकों से शिष्टाचार भेंट कर दीपावली की बधाई दी। इस दौरान अरुण सिँह भदौरिया ने परिवार सहित विधायक चैतराम अटामी का स्वागत किया।

दंतेवाड़ा विधायक ने बताया कि दीपावली के दिन भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त करके वापस अयोध्या आये थे। उनके आने की खुशी और स्वागत में दीप जलाए जाते हैं। यह दीपावली महत्वपूर्ण है क्योंकि करीब 500 साल बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।दीपावली मर्यादा, सत्य, कर्म और सद्भावना का संदेश देती है। पटाखों और दीपों की रोशनी में नहाया वातावरण धरती पर आकाश होने की गवाही देता नजर आता है विकास की रोशनी गांव गांव तक पहुच चुकी है।

### राज्योत्सव में धान, हर्बल गुलाल और आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी

**सुकमा, 7 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा द्वारा स्टाल लगाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी जैसे देशी धान की प्रजातियां स्वसहायता की महिला समूह द्वारा हर्बल गुलाल देशी सब्जियों की प्रजातियों व मानवचलित एवं इंजिनचालित छोटे यंत्रों व उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि श्री चैतराम अटामी, माननीय विधायक, दंतेवाड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष सुकमा श्री धनी राम बारसे, राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी , श्री हुंगाराम मरकाम एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ जिले के किसानों, महिलाओं व स्कूली बच्चों द्वारा किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र ने राज्योत्सव के अवसर पर अपने स्टाल में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा सुकमा जिले की 20 देशी धान की किस्में का जो विलुप्त होने के कगार पर है उनका संग्रहण कर प्रदर्शन किया गया। सुकमा जिले के आदिवासी महिला समूह की महिलाएं कृषि विज्ञान केन्द सुकमा में पालक, लाल भाजी. चुकंदर, हल्दी, संतरा, गेंदा व पलाश से हर्बल गुलाल बना रही है। हर्बल गुलाल की बाजार में मांग बढती जा रही, जिससे महिलाओं की इससे अच्छी आमदनी हो रही है इसका प्रदर्शन किया। इसके साथ ही जिले में कृषि यंत्रों की क्षेत्रीय उपयोगिता के दृष्टिगत विभिन्न नवीनतम मानवचलित एवं इंजिनचालित छोटे यत्रो व उपकरणों की प्रदर्शनी लगाया जिससे जिले के किसान काफी प्रभावित हुए।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस. तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार, चिराग परियोजना के एस.आर.एफ. श्री यामलेशवर भोयर, ज्योतिष कुमार पोटला, कट्टम रंजना, अर्जुन, बुधरा, विनोद, सुखमन उपस्थित थे।

### बूथ गठन के साथ प्रारंभ होगी भाजपा की संगठन चुनाव प्रक्रिया :रामू रोहरा

**महासमुंद।** जिला भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव से संबंधित कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला संगठन चुनाव प्रभारी, प्रदेश मंत्री, मुख्य वक्ता रामु रोहरा के मार्गदर्शन में सांसद रुपकुमारी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी शंकर अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सहित मंचस्थ प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।कार्यशाला के पूर्व अतिथियों के साथ पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, परेश अग्रवाल, नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, सदस्यता अभियान जिला संयोजक संदीप दीवान, खल्लारी विधानसभा संयोजक प्रेमशंकर पटेल, भाजपा नेता मोती साहू, छत्तर सिंह नायक, अलका चंद्राकर, चुनाव सह प्रभारी विपिन उबोवेजा, एतराम साहू, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिला संगठन चुनाव के दृष्टिकोण से आयोजित इस कार्यशाला के मुख्यवक्ता जगदीश रामू रोहरा ने उपस्थित अपेक्षित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के संगठनात्मक चुनावो में भाजपा रीति, नीति और सिद्धान्तों के अनुरूप सामंजस्य बनाकर पारदर्शी प्रक्रिया से चुनाव सम्पन्न कराते आई है। संगठनात्मक चुनावो में अधिकांशतः सर्वसम्मति से निर्णय लेने की परंपरा रही है। रामु रोहरा ने संगठन चुनावों की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इन चुनावों से संबंधित राष्ट्रीय, प्रदेश स्तर के बाद इस जिले की कार्यशाला आज हो रही है। जिसके बाद सभी मंडलों की कार्यशाला होगी। विधानसभावार ऑनलाइन और ऑफलाइन सदस्यता की जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान 15 नवंबर तक सतत प्रारंभ रहेगा।

### 8 नवंबर को कुकानार में लगने वाला शिविर स्थगित

**सुकमा, 7 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में विकासखण्ड छिंदगढ़ अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर के तहत आयोजन 08 नवंबर 2024 को ग्राम पंचायत कुकानार में होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

# गबन के आरोप में निलंबित कैशियर को बनाया सीएमओ

■ जिस नगर पंचायत में किया गबन, उसी निकाय में बन गये साहब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**चारामा 7 नवंबर।** मामला नगर पंचायत चारामा का है जहां पर कैशियर के पद पर पदस्थ कर्मचारी जिसे गबन व अन्य गंभीर आरोपों के तहत निलंबित किया गया था उसे आज उसी नगर पंचायत में साहब अर्थात मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में पदोन्नत कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 अगस्त 2021 को नगर पंचायत चारामा के तत्कालिक मुख्य नगरपालिका अधिकारी के हस्ताक्षर से आदेश जारी करते हुए नगर पंचायत के कैशियर श्री दुलेश्वर सार्वा (कैशियर) के द्वारा आर्थिक अनियमितता, कार्य के प्रति लापरवाही, राजस्व आय का गबन सहित लंबे समय से कर्तव्य में अनुपस्थित रहने के कारण परिषद की बैठक के निर्णयानुसार उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था जिसे 21 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर से जारी आदेश के तहत नगर पंचायत चारामा में प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप पदस्थ किया गया है।

श्री दुलेश्वर सार्वा (कैशियर) के द्वारा वर्ष 2014 से 2017 के बीच तीन वित्तीय वर्ष के अंतराल में आम जनता से वसुली की गई राशि को नगर पंचायत के खाते में जमा न कर उस शासकीय राशि का गबन किया गया था जिसमें ऑडिट आपत्ति दर्ज होने के फ्लस्वरूप उसे निलंबित कर दिया गया था। वहीं ऑडिट में गबन सिद्ध होने के बावजुद जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा उक्त कर्मचारी के साथ सांठगांठ करते हुए मात्र निलंबन की कार्यवाही कर खानापुर्ति कर लिया गया था जबकि शासकीय राशि के गबन के मामले में स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए एफ्आईआर दर्ज किया जाना था।

नगर पंचायत में नगर विकास सहित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी की होती है इसके लिए सरकार की ओर से करोड़ो रूपये आबंटित किये जाते है वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को वित्तीय अधिकार भी प्राप्त होता है तब ऐसी स्थिति में सरकारी पैसो का गबन करने वाले कर्मचारी को उसी निकाय में अधिकारी बनाकर वित्तीय अधिकार सौंप देने से दुध की रखवाली बिल्ली से कराने वाली कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रही है।

वैसे जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने वाली भारतीय जनता पार्टी की राज्य में सरकार है और नगर पंचायत में भी भारतीय जनता पार्टी समर्थित अध्यक्ष का राज है। फिर भी गबन व अन्य गंभीर आरोपों के तहत निलंबित किया गया कर्मचारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बन जाए तो हैरानी तो होगी ही। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से जारी उक्त आदेश को लेकर आम लोगों में भारतीय जनता पार्टी के प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है वही अब इसकी उच्च स्तर पर शिकायतें किये जाने एवं विधानसभा की आगामी शीतकालीन सत्र में भी प्रश्न लगाये जाने की चर्चा है।

## एक नजर

### पूरेना स्थित अंगारमोती में मड़ई मेला का आयोजन 8 नवंबर को

**भखारा 7 नवंबर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पुरेना स्थित मां अंगारमोती मंदिर परिसर में मड़ई मेला का आयोजन 8 नवंबर को किया जा रहा है7 जिसमें रात्रि मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम मोर संगवारी लोक कला मंच का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी पुरेना सरपंच मनोज कुमार टंडन ने दी। साथ ही ग्राम पंचायत जोरातराई(अं) के सरपंच खिलावन पाल ने बताया कि जोरातराई में भी इस पावन पर्व के अवसर पर स्कूल चौक रंग मंच पर बुजुर्गों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है साथ ही रात्रि में लोकरंग अनुराग धारा कविता वासनिक (राजनांदगांव) लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

### सहस्त्रबाहु जयंती 8 नवम्बर को

**भखारा 7 नवंबर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण कलार समाज सेमरा(भखारा)के द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती 8 नवम्बर शुक्रवार को मनाया जाएगा जिसमें माता सत्ती की शिला स्थापना कलार समाज के लोगों द्वारा किया जाएगा इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्रामीण कलार समाज,मंडलेश्वर व जिला स्तर के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी कलार समाज युवा अध्यक्ष सूरज सिन्हा ने दी!

### गर्मी के धान पर प्रतिबंध से भाजपा का किसान विरोधी चेहरा आया सामने: महेंद्र

**राजनांदगांव 7 नवंबर ।** जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने अपने एक जारी बयान में कहा कि भाजपा का किसान विरोधी चरित्र उजागर हो गया है। हर साल गर्मी में भी धान उगाकर अपनी आर्थिक दशा सुधारने वाले किसानों को इस वर्ष रबी सीजन में धान उगाने पर रोक लगाकर उन्हें नाराज कर दिया है। राजनांदगांव जिले सहित प्रदेश भर के किसान सरकार के इस रूखे बर्ताव का जमकर विरोध करने लगे हैं। चुनाव के समय लुभाने वादे कर सत्ता में काबिज होने वाली भाजपा अब किसानों को ही लाल आंख दिखाने लगी है। पिछले 5 सालों में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में किसानों के चेहरे पर जबरदस्त खुशहाली थी और किसान सशक्त और समृद्ध हुए थे। आज प्रशासन के इस आदेश से किस साथियों में मायूसी और भाजपा सरकार के खिलाफ जन आक्रोश देखा जा रहा है आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में किसान साथी इसका बदला जरूर लेगे। श्री यादव ने आगे कहा कि रबी सीजन में धान की खेती करने पर प्रतिबंध लग गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए अपील जारी की है। अब गांव-गांव में मुनादी कर किसानों को फसल नहीं लगाने की बात कही जा रही है। वहीं गांवों में हो रही मुनादी में धान की फसल लगाने पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगने की भी बात कही जा रही है।



### रिटायर जवान का नगर में किया शानदार स्वागत



**सिमगा 7 नवंबर।** देश सेवा की भावना से परिपूर्ण जब जांबांज युवा अपने देश के शरहदों की रक्षा के बाद जब अपने शहर में कदम रखता है तो समूचा शहर खुशी से झूम उठता है ऐसे ही नगर का जांबांज युवा निलेश तम्बोली भारतीय थल सेना में 21,वर्ष की सेवा समाप्ति के पश्चात उनका नगर एवं गृह आगमन हुआ तो उनके परिजन, इष्ट मित्रों, और नगरवासी खुशी से झूम उठे और जांबांज युवा को शुभाषिश, बधाइयाँ देते हुए आल्हादित होते रहे, सम्मान समारोह में प्रमुख रुप से रमेश सोनी, मनोज सोनी, राजू भाटिया करण भाटिया राजेश शर्मा मनीष सलूजा, रवि एडवानी, रवि सेन, संजय शर्मा और भारी तादाद में सम्मानीय नागरिक और ईष्ट मिश्र उपस्थित थे ।

### नपा ने विशेष सफाई अभियान चलाया



**भाटापारा 7 नवंबर।** नगर पालिका परिषद भाटापारा में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। डिवाईडर में उगे झाड़ियो की कटाई कर उनमें रंगाई-पोताई जारी है। शहर के सभी मुख्य मार्गो में निरंतर सफाई जारी है।

## निधन

### गोपाल व्यास



**तिल्दा नेवरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के पूर्व क्षेत्र प्रचारक, पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीगोपाल व्यास के निधन से मन व्यथित है। रायपुर में हुए निधन के समाचार मिलते ही श्री ब्यास जी के शुभ चिंतकों ने शोक व्यक्त किया है तिल्दा नेवरा से श्री ब्यास का सदैव आना जाना रहा है सादगी उनका सौंदर्य थी। ऐसे व्यक्तित्व समाज जीवन में अब दुर्लभ हैं। भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल राम पंजवानी नरेंद्र शर्मा सौरभ जैन कैलाश देवांगन ईश्वर यादव मनोज निषाद सहित अनेक लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# 28 किलो गांजा की तस्करी करने व खरीदने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 7 नवंबर।** टीवीएस मोटर साईकिल से अवैध गांजा तस्करी करने एवं गांजा की खरीदी करने वाले 4 लोगों को बिरेझर चौकी ने गिरफ्तार किया है !

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बिरेझर चौकी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति एक लाल रंग की टीव्हीएस राइडर स्पोटर्स बिना नंबर प्लेट वाले मोटर साईकिल में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुये ग्राम मौरीकला की ओर से ग्राम कोड़ेबोड़े की ओर आ रहे है मुखबिर की सूचना पर बिरेझर चौकी ने तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु स्टॉफ रवाना किया जिसमें ग्राम आलेखुंटा के पास आने जाने वाले वाहन पर निगरानी किया जा रहा था कि कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार एक लाल रंग की स्पोटर्स मोटर सायकल में दो व्यक्ति आलेखुंटा की ओर से आते हुये दिखाई दिये,उक्त मोटर साईकिल को पुलिस स्टॉफ की मदद से रोका गया। मोटर साईकिल में दो व्यक्ति मिले,दोनो व्यक्ति मोटर साईकिल में दो प्लास्टिक बोरी रखे हुये थे पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से नाम पूछा गया तो दोनों ने अपना नाम बलराम चन्द्राकर एंव विक्रम बघेल निवासी ग्राम अण्डा थाना अण्डा जिला दुर्ग का रहने वाले बताया गया जिनसे बोरी में रखे समान के संबंध में पूछा गया तो बोरी में गांजा होना स्वीकार किया गया दोनों संदेही बलराम चन्द्राकर एंव विक्रम बघेल की तलाशी किया गया जिस पर उनके कब्जे के दो प्लास्टिक बोरीयों की तलाशी लिया गया,दोनो बोरियों में भूरे रंग का गांजे जैसा पदार्थ भरा हुआ मिला,थोड़ा-थोड़ा निकालकर आपस मे मिलाकर रगड़कर,चखकर,सुंघकर देखा गया।

जो मादक पदार्थ जैसे गांजा होना पाये जाने पर संदेही बलराम चन्द्रकार एंव विक्रम बघेल को मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त दोनो संदेहीगणों के द्वारा उड़ीसा से गांजा लाना व भण्डारा महाराष्ट्र निवासी अनिल कुमार ठाकरे एंव उसके साथी मयंक यादव को देने ले जाना बताते हुये अनिल कुमार ठाकरे एंव उसका साथी मयंक यादव पुराना धमतरी रोड में अभनपुर व कचना के बीच ढाबे के पास इंतजार करना बताने पर पर मौके से तत्काल पुलिस की टीम रवाना किया गया।

एवं संदेही बलराम चन्द्राकर एवं विकम बघेल के संयुक्त कब्जे से बरामद समरस शुदा मादक पदार्थ जैसे गांजा को 02 नग प्लास्टिक बोरियों मे तौलने पर पहले बोरी में 11 किलो ग्राम एवं दूसरे बोरी में 17 किलो ग्राम कुल जुमला 28 किलोग्राम मादक पदार्थ जैसे गांजा होना पाया गया।

जप्त की गई गांजा की कुल जुमला 28 किलोग्राम गांजा कीमती करीबन 2,80,000/- रूपये एवं एक लाल रंग का टीव्हीएस राइडर मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट का कीमती करीबन 80000/- रूपये नगदी रकम 300/- रूपये को जप्त कर पुलिस ने कब्जे लिया। कुछ देर बाद पूर्व में कचना गयी पुलिस टीम मौके पर संदेही अनिल कुमार ठाकरे एंव मयंक यादव को साथ लेकर मौका आलेखुंटा तिराहा ग्राम कोड़ेबोड़ उपस्थित आने पर संदेही अनिल कुमार ठाकरे एंव मयंक यादव से पूछताछ करने पर भण्डारा महाराष्ट्र से गांजा लेने आना स्वीकार करने पर गवाहों के समक्ष जामा तलाशी लिया जाकर दो नग स्मार्ट फोन कीमती करीबन 15,000/- रूपये व अपराध में प्रयुक्त वाहन कार फोर्ड फिगो क्र. एमएच 02 सीडब्लू 2097 कीमती करीबन 8,00,000/- रूपये को जप्त कर आरोपीगण बलराम चन्द्राकर पिता नंद कुमार चन्द्राकर उम्र 36 वर्ष, विकम बघेल पिता कमल बघेल उम्र 24 वर्ष,दोनो निवासी ग्राम अण्डा थाना अण्डा जिला दुर्ग का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट एंव आरोपी अनिल कुमार ठाकरे पिता फुलचंद ठाकरे उम्र 42 वर्ष निवासी अंबागढ़ थाना आदडगांव जिला भण्डारा महाराष्ट्र एंव मयंक यादव पिता मन्नु यादव उम्र 20 वर्ष निवासी वर्ती थाना वर्ती जिला भण्डारा महाराष्ट्र का कृत्य अपराध नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर चौकी बिरेझर में धारा 20 (ख), 29 नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया!

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिरेझर निरीक्षक चन्द्रकांत साहू,सायबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे,प्रआर0दारा चन्द्राकर,सोहन ध्रुव,आरक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर,विमल पटेल,डेमन साहू,कमलेश विश्वकर्मा,नंद कुमार ध्रुव,चालक आर.तोषण साहू एवं सायबर टीम से प्रआर.लोकेश नेताम आर.कमल जोशी,योगेश नाग, मनोज साहू ,दीपक साहू,गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, फ़नेश साहू ,विकास द्विवेदी ,आनंद कटाकवार, मुकेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले को देंगे विकास कार्यों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 7 नवम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज 7 नवम्बर को एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में पहुंचेंगें। इस दौरान वह जिले के 60 करोड़ 20 लाख 21 हजार रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगें। जिसमें कुल 32 करोड़ 32 लाख 12 हजार रूपए के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख 09 हजार रूपए के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 केएलडब्ल्यू फिक्कल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य सुहेला 24ण्70 लाखए सीण्सीण्रोड निर्माण कार्य सलौनी 7 लाखए सीण्सीण्रोड सह नाली निर्माण कार्य सकरी 5ण्20 लाखएनगरीय निकाय विभाग द्वारा बलौदाबाजार शहर विभिन्न वार्डों में सीण्सीण्रोडए आरण्सीण्सीण् नालीए बीण्टीण् रोड एवं अन्य निर्माण कार्य 221ण्23 लाखए विभिन्न वार्डों में सीण् सीण् रोडए आरण्सीण्सीण् नालीए बीण्टीण् रोडए बस स्टैण्ड उन्नयन एवं अन्य निर्माण कार्य 299ण्77 लाखए निकाय क्षेत्रांतर्गत मेन रोड डिवाईडर में सौन्दर्गीकरण 23 लाखए वार्ड क्रण् 02 मिनीमाता उद्यान परिसर में अटल परिसर निर्माण 27.61 लाखए निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रण् 02,05, 06, 10, 15, 17, 18 एवं 20 में पाईप लाईन विस्तार कार्य 66ण्64 लाखए लोक निर्माण विभाग द्वारा बलौदाबाजार में नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन का निर्माण 174ण्41 लाखए शासकीय डीण् केण् महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 111.53 लाखए विण्खण् सिमगा के ग्राम नवापारा में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 16.66 लाखए सखी वन स्टॉप सेंटर कार्यालय हेतु भवन निर्माण आदि शामिल है।

## राज्योत्सव की फोटो प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं की मिली जानकारी



**बलौदाबाजार, 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24वें वर्षगाठ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पं.चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर बलौदाबाजार में आयोजित कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का स्टॉल विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया था जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। फोटो प्रदर्शनी लोगो में आकर्षण का केन्द्र रहा राज्योत्सव में पहुचे लोगो को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम, मासिक पत्रिका जनमन,रोजगार नियोजन सहित अन्य पत्र-पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। युवाओं में प्रतियोगी के लिए सामग्री को पाकर खुशी जाहिर की।

# बस्तर सांसद महेश कश्यप ने क्षेत्रवासियों को दी छठ महापर्व की शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 7 नवंबर।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री महेश कश्यप ने लोक आस्था के प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों व क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इसी के साथ ही भगवान भास्कर से राज्य व क्षेत्र की प्रगति, सुख, समृद्धि, शांति और सौहार्द्र के लिये प्रार्थना भी की है। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि छठ पूजा का पर्व सूर्य देवता की उपासना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का महान अवसर है। सांसद ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के प्रेम को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सूर्य देवता की आराधना करने से हम जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव करते हैं। वहीं, श्री कश्यप ने आगे कहा कि छठ पूजा का महत्व सिर्फ धार्मिक आस्था में नहीं, बल्कि हमारे समाज की संस्कृति, एकता और सौहार्द में भी निहित है।सांसद ने कहा कि यह पर्व हमें एकजुट करता है और हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने की प्रेरणा देता है। भगवान भास्कर एवं छठी मइया सबकी मनोकामना पूर्ण करें इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है। नहाय खाय से प्रारंभ हुआ छठ महापर्व- छठ पूजा के पहले दिन व्रती अपना व्रत तोड़ने से पहले भगवान सूर्य की पूजा करने के लिए जल्दी उठते हैं. इस दिन से चार दिवसीय उपवास की अवधि शुरू होती है. सभी स्नान करने के बाद नए कपड़े पहनते हैं, व्रत रखते हैं और सूर्य देव के लिए प्रसाद के रूप में चना दाल और कद्दू चावल तैयार करते हैं।

डूबते सूर्य को आज दिया जायेगा अर्ध्यः- आज महापर्व छठ का तीसरा दिन है और हर घाट इसी तरह के भक्ति गीत से गूंजे उठेगा। आज भगवान सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। आज नदी, तालाब और झील इत्यादि किनारे बने घाट पर लोग छठ का डाला लेकर पहुंचेंगे, जहां व्रती महिलाएं सूर्यास्त के समय पूरे श्रद्धा भाव से भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देंगी। व्रती पानी में खड़े होकर ठेकुआ, गन्ना समेत अन्य प्रसाद सामग्री से सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं और अपने अपने संतान की लंबी आयु के साथ परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करती हैं।

## चाकू से हमला करने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 7 नवंबर।** 5 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा थाना सुहेला में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 05.11.2024 को 08ः30 बजे लगभग आरोपी कृष्ण कुमार साहू पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर आवेश में आकर घर के बाहर आकर मुझे एवं मेरे पूरे परिवार वालों को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था, जिसे मेरे पति द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो आरोपी कृष्ण कुमार साहू द्वारा अपने पास रखे धारदार चाकू से मेरे पति के पीठ में ताबड़तोड़ वारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे मेरे पति लहूलुहान होकर वहीं पर गिर गए। कि रिपोर्ट पर थाना सुहेला में अपराध क्र. 286/2024 धारा 296,109(1),351(3) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सुहेला पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी कृष्ण कुमार साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर, गुस्से में आकर प्रार्थिया के पति को जान से मारने की नीयत से, धारदार चाकू से ताबड़तोड़ वार करना स्वीकार किया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 06.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202410092300014-अ/6 (अ)- वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पटेल पिता परभू पटेल जाति मरार निवासी ग्राम कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कातलवाही पटवारी हल्का नं. 14 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि खसरा नंबर 112/2, 149/4,189/2, 381/2 रकबा 0.583, 0.093, 0.869, 0.238 कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.783 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। राजस्व अभिलेख में मेरा नाम शिवा पिता परभू दर्ज हो गया है। जबकि मेरा आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम शिवकुमार पटेल पिता परभू पटेल जाति मरार निवासी ग्राम कातलवाही दर्ज है। उक्त भूमि में मेरा नाम शिवा उर्फ शिवकुमार पिता परभू दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.11.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया!

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग)

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- राजनांदगाँव तहसील- छुरिया प.ह.न.-00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2024-25-128-1-909

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी कामनी पिता/पति-दिल्लूसिंह पता - छुरिया तहसील छुरिया, नंदनी पिता/पति-दिल्लूसिंह पता-छुरिया तहसील छुरिया, निखिल पिता/पति - दिल्लूसिंह पता - छुरिया तहसील छुरिया, प्रभाबाई पिता/पति - दिल्लूसिंह पता - छुरिया तहसील छुरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 535/1 (0.3040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मनभावनसिंह उइके पिता/पति - लखन सिंह उइके पता - छुरिया जिला छुरिया के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदारः विजय कोठारी
तहसील-छुरिया

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202411092100005
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक बिदिंया अग्रवाल उम्र 41 वर्ष पति राकेश कुमार अग्रवाल व 01 अन्य द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि अनावेदकगण कंचन अग्रवाल पति श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य में भूखण्ड नजूल शहर नरसिंग वार्ड नम्बर 12 (सरल कमांक 2 रेल्वे क्रांसिंग से जयस्तभ चौक से दुरदर्शन केन्द्र होते हुऐ नाला तक) नगरपालिका सीमा डोंगरगढ़ के अंतर्गत स्थित पंजीयन क्षेत्र डोंगरगढ़ विकास खण्ड डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) में स्थित भूखण्ड शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक 1562 में से क्षेत्रफल 7000 वर्गफीट 650.321 वर्गमीटर भू भाटक 20.00 लगानी रूपये स्थित है। राजस्व अभिलेख में उभय पक्षो का नाम संयक्त रूप से दर्ज है। अनावेदकगण उक्त भूखण्ड के अपने हिस्से को आवेदिकागण के पक्ष में पंजीयत विलेख दिनांक 10.10.2024 को उप पंजीयत कार्यालय डोंगरगढ़ में उपस्थित होकर निष्पादित कर दिया तथा कब्जा आवेदिकागण को सौप दिये है। अब उक्त भूखण्ड का स्वयं आवेदिकागण भूमि स्वामी एवं आधिपत्यधारी हो गया है। अतः राजस्व अभिलेख से अनावेदिकागणो का नाम विलोपित कर आवेदिकागण का नाम उक्त भूखण्ड में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 25/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल कांकेर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**
**(नियम 4.4.2)**
**अर्धवार्षिक निविदा वर्ष 2024-25**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक / निर्वाह / 2024 कांकेर, दिनांक 04.11.2024

जिला जेल कांकेर में परिरूद्ध बंदियों के लिए सब्जियों की पूर्ति हेतु निविदाकारों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग के वेबसाईट www.jail.cg.gov.in से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा (निविदा फीस निविदा प्रस्तुत करने समय आवेदन के साथ आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये 2,000/ (रू. दो हजार मात्र) नगद भुगतान करना होगा या अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित रू.-2,000/- नगद भुगतान कर दिनांक 25.11.2024 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

समय प्रातः 10.00 से दोपहर 01.00 बजे तक ।

निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि :- 25.11.2024 समय अपरान्ह 1.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि :- 26.11.2024 प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 26.11.2024 अपरान्ह 04.00 बजे
स्थान :-जिला जेल कांकेर (छ.ग.)

जी- 242503631/4

जेल अधीक्षक
जिला जेल कांकेर (छ.ग.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

कार्यालयः- 07856252203 फैक्स-07856252203 मोबाईल-9340755336 ई-मेल पता :-cmodantewada@gmail.com

क्रमांक / 972/रा./ नि.सू./न.पा. परि./2024 दन्तेवाड़ा, दिनांकः-06/11/2024

**// दुकान आबंटन हेतु घोष नीलामी सूचना//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा क्षेत्रान्तर्गत कार्यालय के सामने आवराभाटा मुख्य मार्ग पर वार्ड क्र.-10 में नवनिर्मित व्यवसायिक दुकानों की घोष नीलामी कराया जाना हैं। जिस हेतु नीलामी दिनांक 20/11/2024 को समय दोपहर 2:00 बजे से निर्धारित हैं।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित नीलामी दिनांक के एक दिवस पूर्व तक आवेदन पत्र एवं अमानत राशि शाम 5:00 बजे तक बैंक ड्राफ्ट अथवा नगद जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा। दुकानों का विवरण निम्नानुसार हैंः-

| दुकान क्र. | आकार वर्ग मीटर में | ऑफसेट प्राईज | अमानत राशि | मासिक किराया | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | अ.ज.जा. |
| 03 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | महिला |
| 05 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | शिक्षित बेरोजगार |
| 06 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | अ.ज.जा. |
| 07 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | अनारक्षित |
| 08 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | अ.ज.जा. |
| 09 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | अनारक्षित |
| 10 | 4.60×6.00 | 480000.00 | 48000.00 | 2000.00 | अ.पि.व |

1. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. नीलामी के नियम एवं शर्त कार्यालयीन अवधि में राजस्व शाखा से प्राप्त किया जा सकता हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

# रिटायर्ड शिक्षक से प्रोफेसर बनकर 33 लाख 57 हजार की ठगी



**रायपुर 7 नंवबर।** राजधानी रायपुर में साइबर ठगी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक रिटायर्ड शिक्षक को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया गया। ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 33 लाख 57 हजार रुपए की ठगी कर दी। यह घटना रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र की है, जहां रिटायर्ड शिक्षक चंद्रमणि पांडेय ने ठगों के द्वारा किए गए झांसे में आकर भारी रकम निवेश कर दी। साइबर ठग ने खुद को प्रोफेसर बताकर चंद्रमणि पांडेय से संपर्क किया और शेयर मार्केट में निवेश करने का लालच दिया। ठग ने प्रोफेसर बनकर एक लिंक भेजा, जिससे पांडेय ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग शुरू करने का निर्णय लिया।



रायपुर 7 नवंबर। विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ब्राह्मण पारा सहित विभिन्न वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा का चुनाव प्रचार किया। इस अवसर पर जयसिंह अग्रवाल, प्रमोद दुबे, आशीष दीवान, संजय दीवान, समीर पाण्डेय, कान्हा उपाध्याय सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## एक नजर

### गिरीशकांत शासकीय कॉलेज नवागढ़ के प्राचार्य बने



**रायपुर 7 नवंबर।** विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के प्रोफेसर गिरीश कान्त पांडेय ने शासकीय के आर डी महाविद्यालय, नवागढ़ में प्राचार्य के पद पर दायित्व ग्रहण किया। शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष पद से मुक्त होकर शासकीय के. आर. डी. महाविद्यालय, नवागढ़ में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। पंडित रविवि के पूर्व कुलसचिव ने एक जानकारी में बताया कि शासन के आदेश अनुसार ऊर्जावान युवा शिक्षकों की नई टीम के साथ, नए दायित्व को आज ग्रहण कर लिया है।

### सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी

**रायपुर 7 नवंबर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, जो पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को अपने मुख्य परिचालन में एकीकृत करने की दिशा में बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यू-सस्टेन शीर्षक वाली यह व्यापक रिपोर्ट, सतत विकास और जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देने में बैंक की रणनीतिक पहलों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है। सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, हमें अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो ईएसजी सिद्धांतों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए बीबीई टेस्ट

**रायपुर 7 नवंबर।** शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान और नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए, देश में जेईई और अन्य प्रतियोगी और शैक्षणिक परीक्षाओं के लिए अग्रणी कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित बिग बैंग एज (बीबीई) टेस्ट 2024 की घोषणा की है। बिग बैंग एज टेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किया गया डायग्नोस्टिक टूल है, जो छात्रों की 3600-शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि वे अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अपने विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से, यह पिछले 32 वर्षों से शिक्षा में क्रांति ला रहा है। इसके ऐसे नवाचारों में से एक छात्रों के आईक्यू, योग्यता और विश्लेषणात्मक कौशल का वैज्ञानिक निदान है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता का 3600 विश्लेषण देता है।

### मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन ने समारोह में दी दीपावली की शुभकामनाएं

**रायपुर 7 नवंबर।** रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन का दिपावली मिलन होटल एरिना में रखा गया7 संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ने सभी सदस्यों को दीपावली की बधाई दीप जलाकर दी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी भी विशेष रूप से सम्लित हुए। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी,कार्य कारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव,राम मध्यान, वाशु मखीजा, शंकर बजाज, टी एस रेड्डी एवं रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के संरक्षकः ,गिरीश सिंघवी, मंगल शाह, सुशील सराफ, गोविंद अग्रवाल, कोषाध्यक्षःअमित अग्रवाल :, विक्रम व्यास, रमेश जैन, , नीरज गोयल , निलेश बुद्धभट्टी, , पवन लुनिया, ,आयुष अग्रवाल, सचिन जैन, नवीन अग्रवाल, हितेश जैन,योगेश सोमानी, लीलाधर शर्मा, मुरली गिल्डा, जितेंद्र हाड़ा, विक्रम सिंह, विजय तिवारी, सचिदानंद तिवारी, देवेन्द्र यादव, प्रसेनजित सिंह, आदि सदस्य उपस्थित थे।

### चाकूबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 7 नवम्बर ।** विवरण इस प्रकार है कि दिनांक घटना 02.11.2024 को रात्रि करीब 00:10 बजे गोवर्धन पूजा एवं दीपावली पर्व में आहत् तरूण संतवानी घटनास्थल मनोज डेलीनिड्स के पास तिल्दा में खड़ा था। उसी समय आरोपी कैलाश उर्फ गोलू निषाद अपने साथी के साथ बुलेट में आकर बुलेट को खडी कर फ्टाखा जलाकर खडे तरूण संतवानी के तरफ फेंक रहा था, जिसे मना करने पर झगडा विवाद करने लगा। प्रार्थी सागर संतवानी एवं आहत् के भाई हरीश संतवानी भी आकर समझाने का प्रयास किये जिस पर आरोपी कैलाश उर्फ गोलू निषाद एवं उसके साथी सूर्या द्वारा आक्रोशित होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी कैलाश ने आहत् तरूण संतवानी को अपने पास रखे धारदार बटनदार चाकू से बांये जांघ के पीछे मारकर चोट पहुँचाया।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 7 नवम्बर ।** मोवा और मौदहापारा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौलीपारा तेलीबांधा निवासी संजू साहू ने मोवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलपी 0532 को जिला अस्पताल पंडरी के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## लगातार हत्या से शहर की जनता दहशत में: कन्हैया

**रायपुर 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश में बद से बदतर कानून व्यवस्था को प्रदेश सरकार की सबसे बड़ी नाकामी बताते हुए कहा कि रायपुर मर्डरपुर बन गया है और छत्तीसगढ़ नशे में उड़ता छत्तीसगढ़ बन गया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के मामले में शासन प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है । उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है अपराधी शासन प्रशासन के संरक्षण में संगठित अपराध कर रहे हैं जिसकी वजह से लगातार घटनाएं घट रही है । प्रदेश की राजधानी रायपुर ही नहीं प्रदेश का हर शहर अपराधियों और नशे के सौदागरों के गिरफ्त में है । अपराधियों के बुलंद हौसलों के सामने सरकार बुरी तरह लाचार नजर आ रही है । राजधानी में शहर का कोई हिस्सा नहीं बचा जहां नशे के सौदागरों का जाल फैला हुआ ना हो , चुनाव के दौरान जब सुरक्षा व्यवस्था कड़ी से कड़ी होती है उसे दौरान भाटागांव में हत्या होना निश्चित रूप से कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है । नैतिकता के नाते गृह मंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## काव्य संध्या में कवियों ने पढ़ी रचनाएं



**रायपुर 7 नवंबर।** नवरंग काव्य मंच एवं जैन कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में काव्य संध्या अक्षर-दीप का आयोजन वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस, रायपुर में दिनांक 5 नवंबर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से पधारे रचनाकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुति से सार्थक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कवि राजेश जैन राही ने किया, अध्यक्षता डॉ माणिक विश्वकर्मा नवरंग ने की। मुख्य अतिथि एम राजीव रहे। विशिष्ट अतिथि रहे शीलकांत पाठक,कवि संजीव ठाकुर, डॉ रामकुमार बेहार । कार्यक्रम में युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव का अपने पिता स्व. एम एल राव की अंतिम इच्छा के अनुरूप अंबेडकर अस्पताल रायपुर को देहदान करने के लिए नागरिक अभिनंदन किया गया। इसके अलावा अन्य अतिथियों का भी गुलाब पुष्प से सम्मानित किया गया। उपस्थित रचनाकारों मे राकेश अग्रवाल, कुमार जगदलवी, छबिलाल सोनी, शिव शंकर गुप्ता, राजकुमार धर द्विवेदी, सनत कुमार जैन जगदलपुर, वीर अजीत शर्मा, श्रीमती शिवानी मैत्रा, डॉ युक्ता राजश्री, डॉ गोपा शर्मा, शुभा शुक्ला निशा, रुणाली चक्रवर्ती, आर.डी. अहिरवार, सफदर अली, अनिल श्रीवास्तव जाहिद ने अपने काव्य-पाठ से सब का मन मोह लिया।

## औद्योगिक विकास के लिए 118 एकड़ जमीन की मिली मंजूरी

**रायपुर 7 नवंबर।** राज्य सरकार ने बस्तर के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जगदलपुर के नियानार गांव में 118 एकड़ भूमि के आवंटन की मंजूरी दे दी है. इस कदम से बस्तर क्षेत्र में सहायक उद्योगों की स्थापना को बल मिलेगा, खासकर नगरनार इस्पात संयंत्र के आसपास. इससे स्थानीय रोजगार में वृद्धि और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने लंबे समय से इस भूमि आवंटन की मांग की थी, जिसे अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वीकार किया गया और केबिनेट की स्वीकृति भी मिल गई है. इस भूमि आवंटन से छोटे और मध्यम उद्योगों की स्थापना को सरल बनाने में मदद मिलेगी. बीसीसीआई के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम बस्तर में औद्योगिक और व्यवसायिक वातावरण को और सशक्त बनाएगा. उनका मानना है कि इससे न केवल स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे. इसके साथ ही, बस्तर का औद्योगिक क्षेत्र और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास की दिशा में बढ़ेगी।

## दिव्यांगों को सहायता के साथ प्रोत्साहन देना होगा

**रायपुर 7 नवंबर।** अपना पैर खो चुके व्यक्ति का मन ग्लानि से ग्रसित होता है,उसे पराश्रित हो जाना पड़ता है , ऐसी स्थिति में उन्हें सहायता साथ ही साथ प्रोत्साहन भी देना होता है कि वे प्रयास करने पर पुनः सामान्य जीवन जी सकते है,अपनी गतिशीलता को प्राप्त कर सकते है , आज हमे ईश्वरीय अनुभूति हो रही है कि कुछ अच्छा किया है उक्त उदगार श्री विनय मित्र मण्डल के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने निःशुल्क जयपुर पैर वितरण समारोह में व्यक्त किये। समारोह में पूर्व अध्यक्ष स्व. सुभाष सोहाने के जन्मदिन पर सोहाने परिवार की सौजन्यता से जयपुर पैर दिए गए । पुत्र संकल्प सोहाने , सी ए अमित शर्मा व कल्प कोचर ने यादराम कृष्णन 24 वर्ष , श्रीमती गायत्री साहू 53 वर्ष , अशोक वर्मा 55 वर्ष , राजकुमार 60 वर्ष , नरेन्द्र वर्मा 68 वर्ष , खिलेश्वर साहू 49 वर्ष श्रीमती फुलेसरी साहू 38 वर्ष को जयपुर पैर पहनाकर खुशी खुशी चलते हुए देखकर अभिभूत हो गए । समारोह में संकल्प सोहाने , अमित शर्मा , महेन्द्र कोचर , खेमराज बैद कल्प कोचर उपस्थित थे , जयपुर पैरों का निर्माण कुशल कारीगर अब्दुल वहीद कुरैशी ने किया।




## पुरानी बस्ती में मनाया गया मातर



**रायपुर 7 नवंबर।** पुरानी बस्ती स्थित राज ठेठवार परिवार परिवार चौक पर हर्षोल्लास के साथ मातर का महापर्व मनाया गया से राज ठेठवार परिवार व सामाजिक जन द्वारा श्री कृष्ण जी, खुड़हर देवता एवं अपने पूर्वजों की अराधना कर अपने गौ माता की विशेष साज सज्जा कर उनको चौक पर दाड़ खिलाया गया सभी ने श्री कृष्ण जी एवं अपने पूर्वजों पर बने दोहे कहकर सभी को मंत्र मुग्ध कर छोटे बड़े ठेठवार खुशी में नाचने एवं झूमने लगे श्री कृष्ण जी को छप्पन भोग लगाया गया सभी उपस्थित जन को प्रसाद व दूध वितरण किया गया बच्चों ने लाठियां चला कर विशेष करतब का प्रदर्शन किये मातर कार्यक्रम में यादव ठेठवार समाज रायपुर महानगर के संरक्षक डॉ. रेवाराम यदु अध्यक्ष हरीराम यदु, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता महासभा राजेश यदु, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष महासभा परमानंद यादव, सभापति कुंज बिहारी यदु रमेश अनंतराम यदु, प्रवक्ता गजेश यदु विजय यादव, सूर्यकांत यदु, राजकुमार यदु रायपुर राज उपाध्यक्ष नवीन यदु, संतोष यदु, दिलीप यदु, केशव यदु केशव यदु, रायपुर राज सचिव युगल यदु, रविंद्र, राहुल, विवेक कमलेश नागेश रजत शुभम ऋषिकेश राज कान्हा रोहन संस्कार दिव्यांश पूर्वीक राम शिवाय निशांक ऋतिक दिव्यांश अजय तिवारी प्रवीण झा संतोष अग्रवाल देवेंद्र शर्मा, दीपक श्रीवास, सतीश सोनकर, संजू ठाकुर राजकुमार पांडे, इस सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले व महिलाएं बच्चे शामिल हुए

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया गया



**रायपुर 7 नवंबर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष जी स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला के मार्गदर्शन में, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त डॉ.विजय कुमार खण्डेलवाल के निर्देशन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में सर्व प्रथम प्रार्थना, ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया उसके बात सभी स्काउट गाइड कक्ष में एकत्र होकर स्थापना दिवस समारोह का फ़्लैग स्टीकर फंड रेसिंग किए तत्पश्चात फोटो सेशन कर कार्यक्रम की समाप्ति हुई। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित श्री टी के एस परिहार जी राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, श्रीमती शिवानी गणवीर राज्य संगठन आयुक्त गाइड, श्री मृत्युंजय शुक्ला जिला सचिव, श्री जी एल धीवर जिला कोषाध्यक्ष,श्री जी साई कृष्ण जी ,श्री राम पाल तिवारी जी , श्रीमती लीना वर्मा संयुक्त सचिव, श्री मुकेश बोरकर विकासखंड सचिव धरसींवा, श्री हेमंत शुक्ला जी ,श्री एम मुकदम,श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्रीमती मंजू श्रीवास, कु दुर्गा यादव, श्रीमती अपर्णा तिवारी, श्री भावेश चंद्राकर, श्री दिनेश कुमार देवांगन, श्री कन्हैया यादव जी क्रीड़ा अधिकारी, श्री नमन साहू रोवर, श्री ओमप्रकाश चतुर्वेदी रोवर आदि उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद पर हत्या का प्रयास, चार गिरफ्तार

**रायपुर, 07 नवम्बर ।** विवरण इस प्रकार है कि दिनांक घटना 05.09.2024 को ग्राम बेमता स्थित आशादेवी साहू को हिस्से में मिली जमीन को आहत् आशादेवी साहू अपने अन्य रिस्तेदारो के साथ खरीदार को दिखाने गई थी जिसकी जानकारी आरोपियो को होने पर आरोपीगण के द्वारा आपत्ति करते हुये आहत् आशादेवी साहू, गोविंद साहू, मंजू साहू को गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपियो के द्वारा एक राय होकर हत्या करने की नियत से अपने पास रखे लोहे के रॉड से मारपीट कर प्राणघातक व गंभीर चोट पहुँचाया गया। सभी आरोपियो से घटना में प्रयुक्त लोहे के रॉड को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) केसरीनंदन नायक तथा थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा को आरोपियो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण के सभी आरोपियान गिरफ्तारी के भय से पुलिस से डरकर लुक छिपकर रह रहे थे जिन्हें गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की गई।

### चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर, 7 नवम्बर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकुबाजो को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई।

## 40 हजार से भी ज्यादा मतों से हारे पूर्व मंत्री कांग्रेस के स्टार प्रचारक: शिवरतन

**रायपुर 7 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस के स्टार प्रचारकों को लेकर तंज कसा है कि कांग्रेस अभी से रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव मन से हार चुकी है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने पिछले शासनकाल के घपलों-घोटालों के चलते एक ओर जहाँ जनता-जनार्दन का सामना करने की स्थिति में नहीं है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में अमूमन हर बड़े अपराधों में कांग्रेस नेताओं व उनके करीबियों की संलिप्तता से कांग्रेस का आपराधिक चेहरा लगातार उजागर हो रहा है। इससे कांग्रेस का राजनीतिक पतन तयशुदा है।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि बुधवार को कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनकर कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी रैली में शामिल हुए। राजस्थान में कांग्रेस की नैया डुबाने के बाद अब छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की नैया डुबाने के लिए पायलट को स्टार प्रचारक बनाया गया है। इससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि कांग्रेस रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में अपनी पराजय पहले से ही स्वीकार कर चुकी है। श्री शर्मा ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची में जिन लोगों को शामिल किया है, उनमें भूपेश सरकार में मंत्री रहे टी एस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, शिव डहरिया, मोहम्मद अकबर, मोहन मरकाम, रुद्र गुरु, रविंद्र चौबे आदि कई लोग शामिल हैं, जिनका अपना ट्रैक रिकॉर्ड ऐसा रहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार 2023 के विधानसभा चुनाव में ताश पत्ते के महल बिखर गई थी। भूपेश सरकार के मंत्रियों में कई मंत्री तो 40 हजार से भी ज्यादा मतों से हारे थे। ऐसे लोगों को स्टार प्रचारक बनकर कांग्रेस जयपुर दक्षिण के चुनाव को लेकर कितनी गंभीर है साफ दिख रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़वासियों का हक मार कर राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला को बनाया, जो आज तक छत्तीसगढ़ में झाँकने नहीं आए, उन्हें भी रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या राजू शुक्ला प्रचार पर आएंगे या फिर छत्तीसगढ़ के तापमान के लिए कांग्रेस की माफी मांगेंगे। सूची को देखकर साफ लग रहा है इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी हारे हुए लोगों को स्टार प्रचारक बनाकर रायपुर दक्षिण में अपनी पराजय स्वीकार कर ली है।

## सरकार की साझेदारी में को-वर्किंग सेंटर लॉन्च

**रायपुर 7 नवंबर।** बीते कुछ समय में भारत में को-वर्किंग स्पेस को काफी बढ़ावा मिला है, इसे ध्यान में रखते हुए प्रमुख को-वर्किंग स्टार्टअप इनोव8 ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ साझेदारी की है, जिसका उद्देश्य राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना है। इस पहल के तहत, इनोव8 ने रायपुर में इंटर स्टेट बस टर्मिनस (आईएसबीटी) में एक प्रीमियम को-वर्किंग स्पेस लॉन्च किया है, जो 10,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और 100 से अधिक सीटों के साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जैसे हाई-स्पीड इंटरनेट, मीटिंग रूम, और रिक्रिएशनल एरिया। इनोव8 के संस्थापक, डॉ. रितेश मलिक ने कहा, ;यह पहली बार है जब इनोव8 किसी टियर-II शहर में प्रवेश कर रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हमारी साझेदारी राज्य को एक समृद्ध स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इनोव8 की बिजनेस हेड, पंखुरी सखूजा ने कहा, ;हम रायपुर में इनोव8 को लाकर बेहद उत्साहित हैं। यह लॉन्च भारत के उभरते बिज़नेस हब्स को विश्व स्तर का को-वर्किंग स्पेस प्रदान करने के हमारे लक्ष्य को दर्शाता है। रायपुर नगर निगम के साथ इस सहयोग से शहर के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा, जिससे 3,000 से अधिक नई नौकरियाँ और 10,000 ट्रेनिंग के अवसर पैदा होंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26